

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



जवान के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 05 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 256 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## योगी आदित्यनाथ के शिक्षा सलाहकार ने कहा- उप्र की शिक्षा प्रणाली को एनईपी के अनुरूप व्यवस्थित किया जाएगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (एनईपी–2020) के अनुरूप व्यवस्थित किया जाएगा और विद्यार्थियों को रोजगार परक समग्र शिक्षा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर धीरेंद्र पाल सिंह ने रविवार को पीटीआई–से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन से विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सकेगा, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जरूरी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सिंह ने कहा, "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर प्रयासरत हैं। वह चाहते हैं कि राज्य के सभी विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री का मानना है कि विद्यार्थियों के चरित्र के विकास पर ध्यान दिए बगैर और उनमें शुरुआत से ही राष्ट्रवाद की भावना विकसित किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 मुख्य रूप से समग्र शिक्षा पर केंद्रित है और इसमें प्राविधिक तथा रुचि आधारित विषयों को शामिल किया गया है। इन विषयों का अध्ययन करने से छात्रों को रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप अपना कौशल विकसित करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।" प्रोफेसर सिंह ने बताया कि छात्रों को विज्ञान, वाणिज्य और कला से जुड़े विषयों के साथ–साथ अपनी रुचि के हिसाब से कोई दूसरा विषय चुनने का भी विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा, उदाहरण के तौर पर अगर कोई छात्र भौतिक विज्ञान के साथ गणित की पढ़ाई कर रहा है तो वह संगीत या दर्शनशास्त्र जैसे विषयों को भी अपने एक विषय के तौर पर चुन सकता है। प्रोफेसर सिंह ने हालांकि यह भी कहा कि इससे छात्रों को ज्यादा विषय चुनने का



अवसर प्राप्त होगा, लेकिन शिक्षण संस्थाओं के सामने चुनौती भी खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी प्रणालियों में बदलाव लाने की जरूरत है। प्रोफेसर सिंह ने कहा, "शैक्षणिक संस्थानों को स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर विभाजित किया गया है, जिससे ज्ञान का आदान–प्रदान रुकता है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इस समस्या को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की मदद से संस्थानों के बीच संबंधों और तालमेल में सुधार लाकर दूर किया जा सकता है।" प्रोफेसर सिंह का मानना है कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय आकलन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) और नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग के लिए आवेदन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि इन दोनों इकाइयों की रैंकिंग से शिक्षण संस्थानों को अपना आकलन करने और सुधार के लिए जरूरी बदलाव लाने का अवसर मिलेगा। प्रोफेसर सिंह ने कहा, "हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी तीन वर्षों में राज्य के सभी उच्च शिक्षण संस्थान एनएएसी और एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए आवेदन करें। अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने वाले संस्थान अन्य संस्थानों को बेहतर बनाने में उनकी मदद करेंगे।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत शिक्षकों को विभिन्न जिम्मेदारियां पूरी करनी होंगी, जिनके लिए उन्हें प्रशिक्षण देना और क्षमता निर्माण करना जरूरी होगा। मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार ने कहा कि उनका लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा और प्राविधिक शिक्षा तक पहुंच बनाना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनेक लक्ष्य हैं, जिनमें स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाना तथा हर जिले में एक–एक विश्वस्तरीय बहु–अनुशासनिक शिक्षण एवं शोधा विश्वविद्यालय स्थापित करना शामिल है। प्रोफेसर सिंह ने कहा, "मुख्यमंत्री का मानना है कि उच्च शिक्षा में उस राज्य या क्षेत्र से जुड़े मुद्दे भी शामिल किए जाने चाहिए, जहां संबंधित शिक्षण संस्थान मौजूद है। फिलहाल यह पहलू शिक्षा व्यवस्था से गायब है या फिर इसकी अनदेखी की गई है।" उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों को शिक्षण संस्थानों और प्रयोगशालाओं से जोड़ने की भी योजना है, ताकि संवाद बेहतर हो सके और ज्ञान का आदान–प्रदान भी संभव हो पाए। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि पहले चरण में विश्वविद्यालयों को प्रदेश में जगह–जगह स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के संस्थानों से जोड़ा जाएगा।

### कांग्रेस की रैली पर बीजेपी का हल्ला बोल

## दर्जनों नेता बेल पर बाहर, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

नई दिल्ली। महंगाई के खिलाफ आज दिल्ली में कांग्रेस की हल्ला बोल रैली हुई। जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम मोदी को जमकर निशाने पर लिया। इसके साथ ही बीजेपी और आरएसएस पर नफरत की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। जिसके जवाब में बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके राहुल गांधी और सोनिया गांधी को निशाने पर लिया। बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस की रैली को परिवार बचाओ रैली करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दर्जनों नेता बेल पर



बाहर हैं। राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड केस में आरोपी हैं। सोनिया और राहुल दोनों जमानत पर बाहर हैं। बीजेपी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती रहेगी। बीजेपी नेता ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण में नफरत नजर आई। राहुल गांधी ने न्याय व्यवस्था पर भी हमला किया। भारत की न्यायपालिका सबसे सशक्त है। कांग्रेस सिर्फ परिवार के दो सदस्यों की पार्टी है। कांग्रेस में राहुल–सोनिया ही केवल अध्यक्ष रहते हैं। कांग्रेस में तीसरा व्यक्ति अध्यक्ष नहीं बन सकता। मीडिया को बिका बताने वाला नेता नहीं हो सकता। कांग्रेस ने न्यायपालिका और मीडिया दोनों का अपमान किया। पीएम की अगुवाई में अर्थव्यवस्था मजबूत है। आज भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है। कांग्रेस के समय देश की अर्थव्यवस्था बेहाल थी।

## टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत

### मुंबई के पालघर में डिवाइडर से जा टकराई कार

नई दिल्ली। सड़क दुर्घटना में बिजनेस टाइकून साइरस मिस्त्री की मौत हो गई। पालघर एसपी ने इस बात की पुष्टि की है। मुंबई के पालघर के पास ये हादसा हुआ है। दुर्घटना कथित तौर पर मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूर्य नदी चरोटी पुल पर हुई। मिस्त्री अपनी



मर्सिडीज कार से गुजरात से मुंबई लौट रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के डिवाइडर से टकराने के बाद हुआ यह घातक हादसा हुआ। पालघर पुलिस अधिकारी के अनुसार कार में 4 लोग मौजूद थेय 2 की मौके पर ही मौत हो गई और 2 को अस्पताल ले जाया गया है। कौन थे साइरस मिस्त्री?: मिस्त्री टाटा संस के छठे अध्यक्ष थे। जिन्हें अक्टूबर 2016 में पद से हटा दिया गया था। रतन टाटा द्वारा सेवानिवृत्ति की घोषणा के बाद उन्होंने दिसंबर 2012 में अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। जिसके बाद एन चंद्रशेखरन ने बाद में टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। सुप्रीम कोर्ट ने मई में सपूरजी पल्लोनजी (एसपी) समूह की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें 2021 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। इस याचिका में टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में साइरस मिस्त्री को हटाने के टाटा समूह के फैसले को बरकरार रखा गया था।

## पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से घायल इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश)। प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां क्षेत्र में बछ्न्दामऊ–सुनियावां मार्ग पर पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल एक वांछित इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सूचना



मिलने पर पुलिस ने तीनध्चार सितंबर की मध्यरात्रि को हथिगवां थाना क्षेत्र के बछ्न्दामऊ–सुनियावां मार्ग पर मोटरसाइकिल से आ रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राम सिंह यादव (30) को रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में वह बदमाश गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे गिरफ्तार कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि यादव हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ लूट तथा कई अन्य जघन्य अपराधों के मामलों में कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं।

## जेपी नड्डा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए जेडीयू के 5 विधायक, बीजेपी चीफ ने कहा– हमारी पार्टी को बहुत लाभ होगा

नई दिल्ली। दिसंबर 2020 के अरुणाचल प्रदेश की घटना की



पुनरावृत्ति मणिपुर में भी देखने को मिली है और इस बार भी फूट जेडीयू में ही हुई है। जद (यू) के छह विधायकों में से पांच ने आज बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली। जेपी नड्डा ने ट्वीट करते हुए कहा कि मैं मणिपुर से जदयू के पांच विधायकों का बीजेपी परिवार में स्वागत करता हूं। आप सभी में ऐसे गुण हैं जिनसे हमारी पार्टी को बहुत लाभ होगा। मुझे विश्वास है कि आप सभी भाजपा के सदस्य के रूप में लगन से देश की सेवा करेंगे और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## पीएम को गाली देने वाले को अभिव्यक्ति की कमी महसूस हो रही, जस्टिस श्रीकृष्ण ने उठाए सवाल तो रिजिजू ने इस अंदाज में दिया जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस बी एन श्रीकृष्णा ने इस बात को रेखांकित करते हुए कि ष्लोकतंत्र में, सरकार की आलोचना करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और कोई भी इसे छीन नहीं सकता। वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज, चीजें बहुत बुरी हैं। श्रीकृष्णा ने कहा कि मुझे कबूल करना होगा कि



आज अगर मैं एक सार्वजनिक जगह पर खड़ा होकर कहता कि मुझे प्रधान मंत्री का चेहरा पसंद नहीं है, तो मुझ पर छापा मारा जा सकता है, मेरी गिरफ्तारी हो सकती है और यहां तक कि मुझे बिना कोई कारण बताए जेल में भी डाला जा सकता है। द हिंदू अखबार को दिए एक साक्षात्कार में की गई उनकी टिप्पणी पर केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रिजिजू ने एक ट्विटर पोस्ट में कहा कि "वे लोग जो हर समय बिना किसी प्रतिबंधा के लोकप्रिय निर्वाचित प्रधानमंत्री को गाली देते रहते हैं। वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में रो रहे हैं! वे कभी भी कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए आपातकाल के बारे में बात नहीं करेंगे और न ही क्षेत्रीय पार्टी के मुख्यमंत्रियों की आलोचना करने की हिम्मत करेंगे। रिजिजू ने कहा कि मुझे नहीं पता कि सुप्रीम कोर्ट के किसी पूर्व जज ने वास्तव में ऐसा कहा है या नहीं। अगर यह सच है तो यह बयान ही उस संस्था को नीचा दिखा रहा है जिसकी उन्होंने सेवा की है। द हिंदू इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या तेलंगाना की एक आईएएस अधिकारी ने गुजरात दंगा गैंगरेप पीड़िता बिलकिस बानो के समर्थन में अपने व्यक्तिगत खाते से ट्वीट करके गलत किया था। न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण ने जवाब दिया कि जब कोई सरकारी सेवा में प्रवेश करता है, तो कुछ अनुशासनात्मक नियम होते हैं। उन्होंने उच्च न्यायालय के दो फैसलों का हवाला दिया और कहा, ष्मुझे लगता है कि प्रवृत्ति यह है कि न्यायाधीश यह विचार कर रहे हैं कि आईएएस अधिकारियों को खुद को वैध और सभ्य तरीके से व्यक्त करने का अधिकार है। बता दें कि न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण 2006 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से, उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार और भाजपा सरकार दोनों के लिए कई समितियों का नेतृत्व किया है।

## गणपति महोत्सव के पांचवें दिन मुंबई में 166 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया

मुंबई। गणपति महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को मुंबई में



समुद्र में और कृत्रिम जलाशयों में कम से कम 166 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमाओं के साथ हरतालिका की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया गया। अधिकारी के अनुसार, शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए कृत्रिम जलाशयों में इनमें से करीब 50 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई और शहर पुलिस ने सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए हैं।






## रामलीला मैदान से राहुल का हल्ला बोल, कहा– बीजेपी के राज में बढ़ रही नफरत, कमजोर हो रहा देश

नई दिल्ली। देश में महंगाई के खिलाफ आवाज आज दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल मार्च निकाल रही है। मां तुझे सलाम.. गीत गूंज रहा है, माहौल को देशभक्ति से पूर्ण कर रहा है। महंगाई के विरुद्ध युद्ध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की मैदान में में मौजूदगी नजर आई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश की हालत आपको दिख रही है, जब से बीजेपी की सरकार आई है तब से देश में नफरत और क्रोधा बढ़ता जा रहा है। देश में भविष्य, महंगाई और बेरोजगारी का डर बढ़ता जा रहा है जिसकी वजह से देश में नफरत बढ़ रही है। नफरत से लोग



और देश बटता है जिससे देश कमजोर होता है। आरएसएस और बीजेपी देश में नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि काले कानून भी दो उद्योगपतियों के फायदे के लिए था। छोटे व्यापारियों और किसानों की कमर तोड़ी गई। पेट्रोल, गैस, दूध, तेल के दाम आसमान पर हैं। कांग्रेस राज में इतनी महंगाई नहीं थी। आम आदमी मुश्किल और दर्द में है। विपक्ष को संसद में बोलने नहीं दिया जाता है। राहुल ने कहा कि सारी संस्थाओं पर घोर दबाव है। राहुल गांधी ने कहा कि देश की आत्मा को बचाने का काम कांग्रेस को करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ये देश केवल उद्योगपतियों का नहीं है। ये मजदूरी, गरीबों और किसानों का भी देश है। देश को रोजगार लघु और मध्यम व्यवसाय वाले और किसान देते हैं लेकिन इन लोगों की रीढ़ की हड्डी नरेंद्र मोदी जी ने तोड़ दी है। जो आज बेरोजगारी दिख रही है वो आने वाले समय में और भी बढ़ेगी।

# मुख्य राजस्व अधिकारी ने सुनी फरियाद

## कुल 132 शिकायतें मिली 7 का मौके पर निस्तारण

सोहावल–अयोध्या। तहसील में मुख्य राजस्व अधिकारी चन्द्र शेखर मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस सम्पन्न हुआ इस मौके पर कुल 132 शिकायतें मिली इसमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया शेष के लिए टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व व राशनकार्ड से सम्बंधित रही क्षेत्र के कोला गाँव निवासी राशिद जमील पुत्र जमील अहमद ,अब्दुल्ला पुत्र मतीउल्ला ,फरीद अहमद पुत्र नसीम अहमद,ने समदा झील में हो रहे सौन्दर्यकरण व पक्षी बिहार के निर्माण में गाँव के लोगों की संक्रमणीय भूमि धर की खतौनी को बिना मुवाबजा दिये अधिग्रहण करने को लेकर कई लोगों ने शिकायत दर्ज कराया है।

लोगों का कहना है कि मेरी भूमि पर बंधा बना दिया गया है न तो मुवाबजा दिया गया और न ही हम लोगों से सहमति पत्र लिया गया हैस जिससे सभी लोगों की आर्थिक क्षति हो रही हैस क्षतिपूर्ति दिलायी जाय या उसके बदले में कहीं भूमि दिया जाय। मसौधा विकास खण्ड के कादीपुर निवासी कुसुम दूबे ने लेखपाल द्वारा सही चकमार्ग नहीं निकाले जाने की शिकायत किया है।सुचित्तागंज निवासी फरीद अहमद ने नगर पंचायत की नाली सफाई कराये जाने की शिकायत किया। खिरौनी निवासी दीपक कुमार ने विदेश भेजे जाने के नाम पर एक लाख बीस हजार रुपये लेकर दोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई है।

संगम दीन ,विजय कुमार निवासी खिरौनी आदि ने नहर की नाली की सफाई नहीं होने से खेत की सिचाई नहीं हो पाने की शिकायत किया हैस इस मौके पर उप–जिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता,खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक,सी एच सी अधीक्षक प्रदीप कुमार सहित सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# हैरिंगटनगंज में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

## 40 घंटे में 40 मिनट भी नसीब नहीं हुई सप्लाई

मिल्कीपुर–अयोध्या। हैरिंगटनगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं को कई महीने से बिजली सप्लाई का दंश झेलना पड़ रहा है। आलम यह है कि पिछले 40 घंटे में उपभोक्ताओं को 40 मिनट की बिजली सप्लाई नहीं मिल पाई है। पूरे क्षेत्र में त्राहि–त्राहि मची हुई है। किसानों के धान की फसल खेतों में सूख रही हैं। उपभोक्ताओं को रातें जागकर गुजारनी पड़ रही हैं किसानों ने बताया कि हैरिंगटनगंज विद्युत सब स्टेशन से लगातार हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरिंगटनगंज विद्युत उपकेंद्र का आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति रोस्टिंग में बन्द कर दी जाती है और हर दूसरे तीसरे दिन कुमारगंज से आने वाली 33 हजार की लाइन भी खराब होती रहती है।

इतना ही नही हैरिंगटनगंज उपकेंद्र पर बिजली की आपूर्ति प्राप्त होने के बावजूद फीडरों को 30–30 मिनट की रोस्टिंग में चलाया जाता है। हालांकि पिछले 40 घंटे से हैरिंगटनगंज की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित है। ग्राम पंचायत उरूवा वैश्य निवासी मनोदत्त तिवारी ने बताया कि इस भीषण गर्मी में जहां बारिश न होने से किसानों की खेती किसानी चौपट हो रही है। पारा ताजपुर निवासी केदारनाथ ने बताया कि अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से कुमारगंज से 33000 लाइन हमेशा खराब रहती है। वहीं बिजली सप्लाई पर्याप्त न मिलने से किसानों को ही नही बल्कि आम लोगों को भी परेशानी हो रही है। ग्राम सभा डीह भरथी निवासी सुधाकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। वहीं बसवार कला निवासी अमर नाथ यादव ने कहा कि बिजली न आने से किसानों की फसलें सूख रहीं हैं। बता दे कि जहां प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 16 से 18 घंटे बिजली देने का दावा करती है। वहीं लोगों को महज 5 से 6 घंटे भी बिजली मिलना मुश्किल हो रहा है।

# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने हनुमानगढ़ी व रामलला के किए दर्शन

## महानगर पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अयोध्या। जनपद आगमन पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह का नगर की सीमा सहादतगंज पर स्वागत किया गया। रामलला व हनुमानगढ़ी दर्शन के उपरान्त उन्होने जिले व महानगर की पार्टी कार्यालय पर बैठकें ली। जिसमें प्रमुखतया बूथ प्रबन्धन व संगठन के आगामी कार्यक्रमों के बारें में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठकों में जिले, महानगर के, मण्डल स्तर व मोर्चो के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। करीब एक एक घंटे चली जिले व महानगर की बैठकों में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने एक एक पदाधिकारी को उठाकर उसके दायित्व व कर्तव्यों के बारे में सवाल पूछे। जिसमें कुछ पदाधिकारी ने जवाब दिया। परन्तु कुछ अपेक्षित जवाब नहीं दे पाये। जिन्हें भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री विस्तार से दायित्व के बारें में समझाया। उन्होने अपने सम्बोधन के दौरान बूथ प्रबन्धन पर पूरा जोर दिया। मण्डल के पदाधिकारियों से जिले स्तर पर प्रवास के कार्यक्रमों के विषय में पूछा। संगठन द्वारा निश्चित किये गये कार्यक्रमों व उन्हे मनाने के तरीकों के बारें में भी उन्होने पदाधिकारियों से सवाल किये। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी यह सोचे कि बूथ कैसे मजबूत होगा। जब बूथ मजबूत होगा तभी शक्तिकेन्द्र व जिला भी मजबूत होगा। प्रत्येक साठ व्यक्ति पर एक पन्ना प्रमुख का गठन किया जाय। पन्ना प्रमुख सक्रिय होना चाहिए। बूथ के गठन में यह विचार करना चाहिए कि यह सर्वस्पशी हो। समाजिक संतुलन का खास ख्याल रखा जाना चाहिए। प्रत्येक पदाधिकारी का लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। जब हम लक्ष्य को निर्धारित करके काम करेंगे तभी हमें अपेक्षित सफलता मिलेगी। हर बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण होना चाहिए। हर बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुने जाने की व्यवस्था भी कार्यकर्ताओं को करना होगा। बैठकों में क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी व महानगर की बैठक में महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिले की बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह उपस्थित रहे। इससे पहले सहादतगंज पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालें विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू अंशुमान मिश्रा, बब्लू मिश्रा उपस्थित रहे। स्वागत के बाद प्रदेश संगठन महामंत्री ने अयोध्या में रामलला व हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। जिसके बाद विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के यहां जलपान उन्होने किया। बैठक के उपरान्त प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सांसद लल्लू सिंह के आवास पर पहुंचे। सांसद लल्लू सिंह नेतृत्व में यहां भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त यहां भोजन में प्रदेश संगठन महामंत्री पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए।

# मिल्कीपुर में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अमित कुमार जायसवाल ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से 179 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से 10 मामलों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण एसडीएम ने करा दिया। उन्होंने शिकायतों से जुड़े अधिकारियों से शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में करने के निर्देश दिए। थाना इनायत नगर क्षेत्र के पलिया– कुचेरा निवासी विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि बरिया देई से गोठवारा संपर्क मार्ग तक मंडी परिषद द्वारा सड़क बनाई गई थी। जो कि पीएनसी कंपनी द्वारा मिट्टी की ढुलान के दौरान गड्ढों में तब्दील कर दी गई है। ग्रामीणों ने बीते 16अगस्त को धरना प्रदर्शन किया था, मौके पर पहुंचे तहसीलदार हेमंत गुप्ता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि सड़क का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। लेकिन आज तक नहीं हो सका।उप जिलाधिकारी ने पीडी एनएचएआई को तत्काल समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार हेमंत गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार मौर्या, अनीश मणि त्रिपाठी, उपखंड अधिकारी विद्युत कुमारगंज संतोष कुमार, बीडीओ अमानीगंज विमलेश मोहन श्रीवास्तव, वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज पी के श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुमारगंज संजय शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक मुईद खान समेत अन्य विभाग के तहसील स्तरीय अधिकारीध प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बीकापुर मे आई 168 शिकायत, 21 का निस्तारण

बीकापुर–अयोध्या। तहसील स्तरीय समाधान सम्पूर्ण दिवस का आयोजन बीकापुर तहसील के सभागार में उपजिलाधिकारी के अध्यक्षता में समपन्न हुआ। समाधान दिवस में सुबह से ही फरियादियों ने अपनी फरियाद लेकर बीकापुर तहसील में पहुंचे जिसमें 168 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई, 21 का निस्तारण हुआ। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही किया गया , 147 बाकी के मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाच के लिए सौप दिया गया। समाधान दिवस में प्रमुख रूप से उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार,क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा , नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा नगर पंचायत बीकापुर के अधिशासी अधिकारी श्रीमती रागिनी वर्मा, सीएचसी के प्रतिनिधि खंड स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव कुमार वर्मा, विद्युत विभाग जेई दिलीप कुमार कनौजिया सहित तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# नगर निगम में बना इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

कानपुर।(आरएनएस ) शहर में इलेक्ट्रिक स्कूटर, ई–रिक्शा और आटो की बढ़ती संख्या को देखते हुए कानपुर नगर निगम ने इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कराया है। यहां पर वाहनों की चार्जिंग में 18 रुपए प्रति किलोवाट का खर्च आएगा। कानपुर नगर निगम ने मोतीझील में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कराया है। नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने निरीक्षण करके अफसरों को जल्द शुरू कराने के आदेश दिए हैं। स्टेशन पर तीन चार्जिंग प्वाइंट होंगे, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज किया जा सकेगा। वाहनों की चार्जिंग में प्रति किलोवाट 18 रुपये खर्च आएगा। चार्जिंग स्टेशन में दो पहिया, चार पहिया वाहन व ई–रिक्शा के चार्जिंग की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि निराला नगर पराग डेरी के पास दूसरा इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। साथ ही भविष्य में मुख्य मार्गों पर हर पांच से 10 किलोमीटर की दूरी पर एक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन प्रस्तावित है।

# 25 लाख की चरस और 106 चोरी के मोबाइल पकड़े,सरगना समेत दो आरोपित गिरफ्तार

## चोरी के मोबाइल नेपाल में अच्छी कीमत पर बेचते थे शातिर

कानपुर।(आरएनएस ) कानपुर अजमेर समेत अलग–अलग जिलों में चरस बिक्री करने के साथ मोबाइल लूटने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को बाबू पुरवा पुलिस ने नए पुल के पास से गिरफ्तार किया। दोनों के पास से लूटे गए 106 मोबाइल और एक किलो 800 ग्राम चरस बरामद की। दोनों लुटेरों के खिलाफ बाबूपुरवा समेत कई अन्य थानों में भी गैंगस्टर, लूट, चोरी आदि धारा में मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार ने .बताया कि बाबूपुरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नए पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से दो लुटेरों को पकड़ा था। दोनों के पास से दो बैग में 106 लूट किए मोबाइल और एक किलो 800 ग्राम चरस बरामद हुई।

दोनों ने पूछताछ में अपना नाम कर्नलगंज के बबलू जिलानी का हाता निवासी परवेज उर्फ चिकना और मुंशीपुरवा निवासी शाहरुख उर्फ नूर आलम बताया। डीसीपी साउथ ने बताया कि दोनों लुटेरे,कानपुर,आगरा,अजमेर समेत विभिन्न पर्यटक जिलों में रेलवे स्टेशन और बस अड्डे में लूटपाट करते थे। लूट के मोबाइलों को नेपाल भेजा जाता था, जहां उनके आईएमईआई नंबर बदल दिए जाते हैं।

पूछताछ के दौरान शातिरों ने बताया कि बाहर से हम चरस मंगाते हैं और स्लम एरिया से पूरे शहर में इसकी तस्करी करते हैं। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन,बस स्टैण्ड,रैली,जुलूस व भीड़ को निशाना बनाकर मोबाइल चोरी करते हैं। मोबाइल इकट्ठा होने के बाद उसे नेपाल में अच्छी कीमत पर बेच देते हैं।

गिरोह में 12 से ज्यादा लोग शामिलः डीसीपी ने बताया कि दोनों लुटेरे गिरोह के सरगना थे। इनके गिरोह में 12 से ज्यादा सदस्य शामिल हैं। जो मोबाइल लूटने के बाद शाहरुख और परवेज को देते थे। उसके बदले में दोनों उन्हें रुपये नहीं बल्कि उसके बदले उसी कीमत पर चरस दे देते थे। डीसीपी ने बताया गिरोह के सदस्यों की तलाश की जा रही। साथ ही लूटे गए मोबाइलों को खुलवाकर उनके मालिकों का पता किया जा रहा है।

# छुट्टा पशुओं से किसानों की खेतीबाड़ी चौपट

बारून–अयोध्या। बारुन चौकी क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में मौजूद छुट्टा पशुओं से किसानों की खेती–बाड़ी चौपट हो रही है।जिले की मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव के नेतृत्व में विगत दिनों चलाए गए अभियान में बड़ी संख्या में छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गौशाला भिजवाया गया था परंतु बारुन क्षेत्र के दर्जनों गांव इस अभियान से अछूते रहे।इन गावों में आवारा पशुओं को पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।सैकड़ों की संख्या में मौजूद छुट्टा पशु दिन–रात किसानों की फसलें चट कर रहे हैं।सफदर भारी निवासी सुशील पांडेय ने आरोप लगाया कि उनकी पूरी रात खेतों की रखवाली में ही गुजरती है। खजुरी मिर्जापुर निवासी किसान मोहम्मद फारुख खान ने बताया कि छुट्टा पशुओं ने गांव में आधा दर्जन लोगों को मारकर घायल कर दिया है।देवरिया मजरे नौहडिया के किसान सनीत कुमार,अरुण आदि ने आरोप लगाया कि प्रशासन का दावा हवा हवाई साबित हुआ उनके गांव में एक भी आवारा पशु को नहीं पकड़ा गया।खेती पर आश्रित प्रगतिशील किसान सभाराज मौर्या ने बताया कि छुट्टा पशुओं ने पूरी फसल बर्बाद कर रखा है यदि खेती न हुई तो हम लोग बर्बाद हो जाएंगे।राजेंद्र शर्मा ने कहाकि यदि छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात न दिलाया गया तो किसान भुखमरी की कगार पर होगा।

# स्कूल की तरह पढ़ाने के लिए रोज खोला जाना चाहिए आंगनबाड़ी केंद्र : प्रतिभा शुक्ला

कानपुर।(आरएनएस ) आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से 12 बजे तक रोजाना खुलना चाहिए,क्योंकि अब इसे केवल पंजीरी बांटने के दिन नहीं खोलना है। बल्कि उसे स्कूल की तरह पढ़ाने के लिए रोज खोला जाना चाहिए। ये बातें बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कानपुर के बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आयोजित साड़ी वितरण समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि एक बार उन्होंने कुछ आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया जो सभी बंद मिली। उन्होंने कहा कि अब सभी केंद्र निर्धारित समय तक खुलनी चाहिए। प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि गांव में जल्द ही पोषण पंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें कुपोषित और सुपोषित दोनों बच्चों की मां को आमने–सामने बैठाकर पोषण के फायदे बताए जाएंगे। समारोह में सीडीओ कानपुर नगर सुधीर कुमार ने सैम श्रेणी के सभी बच्चों को पोषण किट बांटे जाने की घोषणा की। कानपुर देहात की सीडीओ सौम्या पांडेय ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पोषण से जुड़े भावी कार्यकमों के बारे में बताया। समारोह में बच्चों को लैपटॉप भी बांटे गए। इस मौके पर महिला आयोग की रंजना शुक्ला,जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह,सीडीपीओ इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर।(आरएनएस ) नौबस्ता पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के बाद उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। शिकायत करने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता और परिजनों ने विरोध किया तो बच्ची को अगवा करने का प्रयास किया था। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने नौबस्ता थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। डीसीपी साउथ प्रमोद कुमार ने बताया कि नौबस्ता थाने में नाबालिग से दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में रेप के साथ ही आरोपी पर सोशल मीडिया पर पीड़िता का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने पर आईटी एक्ट,अपहरण का प्रयास और जान से मारने की धमकी देने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी ओ–ब्लॉक यशोदा नगर नौबस्ता निवासी अंगद मौर्या फरार चल रहा था।

नौबस्ता पुलिस ने छापेमारी करके एक रिश्तेदार के घर से बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को . गिरफ्तार कर लिया। 21 साल का आरोपी अंगद यशोदा नगर नौबस्ता का रहने वाला है। मामला खुलने पर आरोपी ने बच्ची को अगवा करने का भी प्रयास किया था।

# करंट लगने से किशोरी की मौत

कानपुर देहात।(आरएनएस ) अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के खरका में एक किशोरी की करंट लगने से हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे आनन– फानन जिला अस्पताल ले आए। यहां इमरजेंसी डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खरका गांव के संजय की पुत्री सोनम (16) रात घर में पंखा चालू करने के प्रयास में करंट की चपेट में आ गई। उसे तड़पता देख परिजनों ने किसी तरह उसे अलग किया। इसके बाद उसे लेकर जिला अस्पताल आए। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बेटी की मौत से मां बीनू बदहवास हो गई। पिता व परिवार के लोगों का रो– रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन की कार्रवाई से इनकार करने के साथ शव लेकर गांव लौट गए और सुबह बरौर क्षेत्र के दुर्वासा आश्रम के पास सेंगुर किनारे अंतिम संस्कार कर दिया।

# नालों के जरिए गंदगी गंगा में गिराए जाने पर नगर निगम पर 90 लाख रुपये जुर्माने की संस्तुति

कानपुर।(आरएनएस ) नालों के जरिए सीवर और औद्योगिक प्रवाह सीधे गंगा और पांडु नदी में गिराए जाने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम पर बड़ी कार्रवाई की है। बोर्ड ने मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट में नगर निगम पर 90 लाख रुपये जुर्माने की संस्तुति की है।

इसके लिए बोर्ड ने 3 माह तक लगातार रानीघाट नाला,शीतला बाजार, बुढ़िया घाट, आईसीआईसीआई नाला रतनपुर वाला आदि की निगरानी की थी। इसको लेकर नगर निगम में खलबली मची है। गंगा में अभी रोजाना 10 करोड़ लीटर से ज्यादा औद्योगिक और सीवर उत्प्रवाह जा रहा है। नगर निगम हर साल बायोरेमिडिएशन के नाम पर 5 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत यह है कि बायोरेमेडीएशन हो ही नहीं रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने नालों की निगरानी कराई और सच सामने आने पर नगर निगम से जवाब मांगा। नगर निगम ने बरसात में यह प्रक्रिया बंद करने का दावा किया तो मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तक पहुंचा लेकिन ट्रिब्यूनल ने भी बायोरेमेडिएशन बंद किए जाने को गलत माना। इस पर बोर्ड ने राज्य मुख्यालय को भेजे पत्र में कार्रवाई की संस्तुति की है। इसके तहत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के तौर पर कुल 90 लाख रुपए जुर्माना लगाने की संस्तुति की है।

# अवैध गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने इलाके स गस्त के दौरान एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी ऐक्ट के तहत केस दर्जकर जेल भेज दिया।एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक देर रात्रि में गस्त के दौरान पुलिस टीम ने श्रृंगी ऋषि आश्रम गेट के पास से एक युवक को पकड़ा, जामातलासी में आरोपी के पास से 400ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बजाजू पुत्र श्रीराम निवासी मिझौडा थाना अहिरौली अंबेडकरनगर के रूप मे हुई।

# हल्ला बोल रैली के लिए दिल्ली रवाना हुए कांग्रेसी

अयोध्या। कांग्रेस द्वारा आयोजित हल्ला बोल रैली में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कूच किए। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया फैजाबाद जिले के सभी ब्लॉकों से तथा महानगर से कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी महंगाई के विरुद्ध आयोजित हल्ला बोल रैली में भाग लेने के लिए आज दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली जाने वाले प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य अशोक सिंह शिवपूजन पांडे संजय पांडे बसंत मिश्रा राम सागर रावत अनिल तिवारी फिरोज अहमद चंचल सोनकर अब्दुल हकीम आदि रहे।

# सिद्धार्थनगर का लाल पुर्तगाल में करेगा कमाल,भारत का डंका बजाने को तैयार

## पुर्तगाल के माचिनो में आयोजित होने वाली बायथल और ट्रायथल विश्व चौंपियनशिप के लिए शोहरतगढ़ निवासी एकांश रूंगटा का हुआ चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। पुर्तगाल के माचिनो में आयोजित होने वाली बायथल और ट्रायथल विश्व चौंपियनशिप के लिए मॉडर्न पेंटालॉन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शोहरतगढ़ कस्बा निवासी एकांश रूंगटा को चुना गया है। विदित हो कि तैराकी में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उन्होंने प्रतिभाग किया है और पूरे करियर में कई पदक जीते हैं। उनकी प्राथमिक शिक्षा सेन्टएंड्यूज पब्लिक स्कूल शोहरतगढ़ से, प्राथमिक उच्च शिक्षा राम स्वरूप पब्लिक मेमोरियल लखनऊ, हाईस्कूल की शिक्षा जीडी गोइन्का गोरखपुर और इण्टरमीडियट की शिक्षा जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ से हुई। उच्च शिक्षा और स्विमिंग के प्रशिक्षण के लिए वे क्राइएस्ट यूनिवर्सिटी बैंगलोर चले गए जहाँ मेजर इन आर्ट्स की शिक्षा के साथ स्विमिंग का प्रेक्टिस कर रहे है और इसी प्रेक्टिस के दौरान उनका चयन हुआ है। उनके पिता राजेन्द्र कुमार रूँगटा उर्फ नीलू रूँगटा व्यवसायी है और समाजसेवी में रुचि रखते है। एकांश के परदादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी रहे।

मीडिया से मुखातिब होते हुए अकांश रूँगटा ने बताया कि भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़े ही हर्ष की बात है और उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि वे विदेशों में भारत का डंका बजाये।इसी चयन को लेकर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व निवर्तमान ग्राम प्रधान श्याम सुंदर चौधरी ने एकांश रुंगटा के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आये अन्य अतिथियों सहित उन्होंने एकांश रुंगटा और उनके पिता को चंदन लगाकर, बुके देकर उनका माल्यार्पण किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की धरती ने बहुत से खिलाड़ियों को पैदा किया जिसने विदेशों में भारत का डंका बजाया है। उन्होंने विश्वविख्यात हॉकी खिलाड़ी, मेजर ध्यानचंद, क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी सहित खिलाड़ी नीरज चोपड़ा समेत बहुत से प्रतिभावान खिलाड़ियों को याद कर उनके विषय मे विस्तार से अपनी बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामबिलास यादव ने कहा कि शोहरतगढ़ जैसे क्षेत्र से निकलकर कम संसाधनों में बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना लोगों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभावान व्यक्ति के लिए स्थान मायने नही रखता है। इसके साथ ही नगर के रत्नेश सोनी, दीपक कौशल ने एकांश को शुभकामनाएं दी है। पिता राजेन्द्र कुमार रूँगटा उर्फ नीलू रूँगटा ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन कोच व गेम टीचर विवेक त्रिपाठी ने किया। इस दौरान सदानन्द उपाध्याय, उमेश प्रताप सिंह, राजेन्द्र कुमार रूँगटा (नीलू रूँगटा), रत्नेश सोनी, दीपक कौशल, गोविन्द वर्मा, बेचन, मंटू जायसवाल, ग्राम प्रधान राममिलन चौधरी, बीरेंद्र गिरी बाबा, राजू बाबा, अमित तिवारी, दानिश भाई, बरसाती आदि मौजूद रहे।





# शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण

## बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज में विधायक निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने रविवार को बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज में विधायक निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण किया।शिक्षक विधायक ने कहा समाज के भावी पीढ़ी का मार्गदर्शक, आदर्श व मॉडल एक शिक्षक ही होता हैं। शिक्षको का आदर्श प्रधानाचार्य होता हैं। चुनौती के प्रति सतर्क रहने की जरूरत हैं। जिम्मेदार लोग हमारी धरोहर को समाप्त करने के लिए संस्थाओं को बदनाम करने मके सतत प्रयत्नशील हैं। शासन व सरकार में बैठे लोग शिक्षा के प्रति संवेदनहीन हैं। जिसके लिए हमे सतर्क रहने की जरूरत हैं। अभिभावक बच्चे के प्रवेश के लिए संस्था में आता हैं। तो अपने बच्चे के भविष्य के बारे में ही सोचता हैं। समाज के संस्था के प्रति विश्वास को बनाए रखना कठिन हो रहा हैं। अभिभावक भगवान के बाद किसी पर विश्वास करता हैं तो शिक्षक पर ही करता हैं।पूरी शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथों में देने का कार्य चल रहा हैं। दुनिया के सारे लोग कहते हैं कि गरीबी दूर करने के लिए बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना पड़ेगा। पढ़े लिखे बच्चों को काम नही दे सकते तो काहे का विश्वगुरु बनगे। यूक्रेन में जीरो डिग्री तापमान हैं, फिर भी 36 हजार युवा भारत से यूक्रेन में डॉक्टरी पढ़ने गए। 30 से 35 फीसदी लोग निरीक्षण हैं। हम कह खड़े हैं रोज अपने मन की बात होती हैं। कभी वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षको के बारे में भी बात कर लें। शिक्षक विधायक ने कहा राज क्यो करते हो जब अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य नही दे सकते हो। बच्चें को किताब अभी तक नही दिया गया। कभी पुरानी पेंशन का दिया तो जला दो। संचालन पूर्णेश्वर मिश्र ने किया। प्रबंधक राजेश चन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र, गोपेश्वर पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश चंद पटेल, राम पुकार यादव, रामचन्द्र यादव, कामता यादव, रामबिलास, रविन्द्र उपाध्याय, विजय बहादुर वर्मा, शिवकरन, रामबचन राम, शम्भू नाथ गुप्ता, रजनीरंजन, ह्दय नारायण मिश्र, हरेंद्र सिंह, गणेश जायसवाल भाजपा नेता रामेश्वर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# बांसी फूड इंस्पेक्टर पर धन उगाही का आरोप,क्या होगी कार्यवाही ?

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। बांसी कस्बा के दुग्ध व्यापारियों ने शनिवार को फूड इंस्पेक्टर व उनके एक सहयोगी पर धन उगाही आरोप लगाते हुए बांसी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि हफ्ता न देने पर सैंपलिंग कर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। व्यापारी बजरंगी, राधेश्याम, हर्षित मोदनवाल, बिंद्रेश आदि ने बांसी कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि फूड इंस्पेक्टर उन समसे हफ्ता वसूलते हैं। न देने पर धमकी देते हैं। इसकी शिकायत डीएम व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी से कर चुके हैं लेकिन आज तक फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को फूड इंस्पेक्टर अपने साथी के साथ रोडवेज चौराहे पर पहुंचा और पैसा की मांग करने लगा। हम लोगों ने नहीं दिया तो अपशब्द कहते हुए वाहन चढ़ाने की कोशिश की गई। दुग्ध व्यापारियों ने पुलिस से केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता का जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता का संगठनात्मक कार्यों को



लेकर बांसी आगमन पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामशरण मौर्य के आवास पर संगठनात्मक कार्यों को लेकर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। इस दौरान श्री मोर्य क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद को माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया साथ ही बलराम कुल श्रेष्ठ, अमर जायसवाल बैजनाथ जयसवाल ,राजेश गुप्ता, संजय रावत ,शंभू कश्यप ,धर्मेंद्र कुमार, उमेश कश्यप आदि ने भी माला पहनाकर स्वागत किया।

# मनमाने दाम मे बेचा जा रहा यूरिया,अधिकारी मौन

पंकज चौबे/दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर।कोरोना संक्रमण की मार से उबरे हजारों किसान जब खेतों की तरफ रुख कर रहे हैं, तो एक तरफ यूरिया, खाद की उपलब्धता को लेकर चिंतित होना पड़ रहा है। वहीं सरकार द्वारा तय रेट से अधिक दाम पर यूरिया खाद की बिक्री कर हजारों किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, लेकिन कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासन शिकायतों का इंतजार कर रहा है। शोहरतगढ तहसील के हर क्षेत्र में खाद की काला बाजारी की जा रही है।वर्तमान दिनों में किसानों को तय सरकारी दाम पर यूरिया मिलना मुश्किल हो रहा है। केवटली,गनेशपुर,परसा,महथा,परसोहिया आदि क्षेत्रों में खुले बाजार में मनमाने रेटों पर विक्रेताओं द्वारा खाद बेची जा रही है। क्षेत्र के किसी जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने अभी तक खाद की अधिक दामों पर बिक्री को लेकर कोई आपत्ति नहीं ली है। इसलिए हजारों किसान खुद को छला सा महसूस कर रहे हैं।धान के फसल के रोपाई के बाद फसल में यूरिया की जरूरत है। इसे देख विक्रेताओं ने मनमानी आरंभ कर दी है। विभाग ने यूरिया की 45 किलो की बोरी के दाम 266.50 पैसे निर्धारित किए हैं। इससे कहीं अधिक दामों पर किसानों को खाद उपलब्ध हो रही है। कई सहकारी समितियों में खाद की कमी बनी हुई है। इससे मजबूरन, किसानों को खुले बाजार से खाद खरीदनी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारी मनमाने भाव में खाद बेच किसानों का शोषण करते हैं। किसानों के बिल मांगे जाने पर कोरे कागज पर बिल बनाकर दिया जा रहा है, लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी मौन है।बता दें कि केवटली चौराहे के एक निजी दुकान में 330 रुपये यूरिया बेचने का मामला सामने आया। जहां पर खैरी गांव के एक पीड़ित किसान ने केवटली चौराहे के दुकान से यूरिया और अन्य खाद खरीदी। जिसमें एक यूरिया की बोरी के 330 रुपये दाम वसूले गए।बिल मांगने पर यूरिया नही देने की बात करते है,वही जब इस सम्बन्ध मे जिला कृषि अधिकारी से उनके सरकारी नम्बर 7839882270 पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन सम्पर्क नही हो पाया।

# बांसी में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान सफलता कार्यक्रम का आयोजन रविवार की शाम नपा के मैरेज हाल मे संपन्न हुआ । कार्यकम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाये गये सदस्यता अभियान मे उत्साह देखने को मिल रहा है ।पूरे जिले मे लक्ष्य से अधिक सदस्य बने है और अभी यह अभियान जारी है ।नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी उर्जा के साथ लग जाये और अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाए ।पूर्व नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशो का पालन करते हुए गावं गावं,डगर,डगर जाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाए। सभी साथी एकजुट होकर सदस्यता अभियान की सफलता मे जुट जाए ।कार्यक्रम को अनुराग श्रीवास्तव, परवेज अहमद,मुरली यादव,अमित बख्शी,राजेश पासवान,ज्वाहिर यादव, रामगति मौर्य ,अलीम शेख आदि ने सम्बोधित किया ।इस अवसर पर सैयद मो कुतुब , अरुण गुप्ता,साकिर अली ,अकबर अली छोटु शेख,मुस्तफा खान,रामदेव निषाद,मन्ना पांडेय, अकरम पप्पू,मकबूल, पवन यादव आदि उपस्थित थे ।






# क्षत्रिय महासभा ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का 72वां जन्मदिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह का जन्मदिन रविवार (04 सितंबर) को जनपद सिद्धार्थनगर के क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा संगठन के प्रदेश सचिव अखण्ड प्रताप सिंह एडवोकेट के आवास पर वृक्षारोपण और मिष्ठान वितरण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जन्मदिन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष राजन सिंह, उपाध्यक्ष फतेबहादुर सिंह, यूथ जिला अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन वरिष्ठ महामंत्री हरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता राघवेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, सोनू सिंह, गिरजेश बहादुर सिंह, अमित सिंह श्रीनेत, मनोज सिंह, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

**यदि नरेंद्र मोदी सरकार इस वक्त मदद की पहल करे तो उससे दो लक्ष्य पूरे होंगे। एक तो दक्षिण एशिया के वरिष्ट राष्ट्र होने का दायित्व हम निभाएंगे। दूसरा, भारत की मदद से पाकिस्तान की आम जनता इतनी प्रभावित होगी कि उसका असर उसकी फौज पर भी पड़ेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत से लडना ...**

# पाकिस्तान को मदद की जरुरत



पाकिस्तान में पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। अब प्राकृतिक संकट ने उसका दम फुला दिया है। घनघोर बरसात और बाढ़ के कारण लगभग आधा पाकिस्तान पानी में डूब गया है। सवा हजार से ज्यादा लोग मर चुके हैं। लाखों लोगों के घर ढह गए हैं। करोड़ लोगों को खाने–पीने की सांसत हो गई है। 4000 किमी की सड़कें उखड़ गई हैं। डेढ़ सौ से ज्यादा पुल ढह गए हैं। 2010 में भी लगभग ऐसा ही भयंकर दृश्य पाकिस्तान में उपस्थित हुआ था लेकिन इस बार जो महाविनाश हो रहा है, उसके बारे में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि ऐसा वीभत्स दृश्य उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा। यदि यही स्थिति दो–तीन दिन और बनी रही तो सिंधु नदी और काबुल नदी का उफनता हुआ पानी पता नहीं कितने करोड़ अन्य लोगों को अनाथ कर देगा।

इस साल पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में हर साल के मुकाबले तीन गुने से ज्यादा पानी बरसा है। कुछ गांवों और शहरों में इस बार 8–10 गुना पानी ने खेत–खलिहान और बस्तियों को पूरी तरह डुबा दिया है। पाकिस्तान के 150 जिलों में से 110 जिले इस वक्त आधे या पूरे डूबे हुए हैं। यदि प्रकृति का प्रकोप इसी तरह कुछ दिन और चलता रहा तो पाकिस्तान की हालत अफगानिस्तान और यूक्रेन से भी बदतर हो सकती है। उसके नेता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई मुस्लिम राष्ट्रों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने राष्ट्रों के नाम अपील जारी करके पाकिस्तान के लिए मदद मांगी है। ब्रिटेन ने 15 लाख पौंड भिजवाए हैं। ईरान, यूएई और सउदी अरब भी जल्दी ही मदद भिजवानेवाले हैं। यूएई 3000 टन अनाज और दवाइयां भी भिजवा रहा है। हमने श्रीलंका, अफगानिस्तान और यूक्रेन को आड़े वक्त में मदद करके जो सदभावना अर्जित की है, वह अमूल्य है। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, शाहबाज शरीफ ने भारत के साथ आपसी रिश्ते सुधारने की बात पिछले हफ्ते ही कही थी। यों भी पाकिस्तान के सिंध, पख्तूनख्वाह और बलूच इलाके इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यदि नरेंद्र मोदी सरकार इस वक्त मदद की पहल करे तो उससे दो लक्ष्य पूरे होंगे। एक तो दक्षिण एशिया के वरिष्ट राष्ट्र होने का दायित्व हम निभाएंगे।

दूसरा, भारत की मदद से पाकिस्तान की आम जनता इतनी प्रभावित होगी कि उसका असर उसकी फौज पर भी पड़ेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत से लडना ही रहा है। यह भी संभव है कि इस पहल के कारण दक्षेस (सार्क) के जो दरवाजे सात–आठ साल से बंद हैं, वे खुल जाएं। हम यह न भूलें कि 1947 में विभाजन की दीवारें हमारे बीच जरुर खिंच गई हैं लेकिन हमारे पहाड़, नदियां, जंगल, मैदान और मौसम एक–दूसरे से अलग नहीं हैं।

# शिक्षक दिवस पर विशेष कविता.

अजब थे धुन के पक्के लोग ...  
कभी कहते थे उल्लू तो कभी मुर्गा बनाते थे,  
गधों को भी बड़ी मेहनत से वो इंसां बनाते थे ६  
पढ़ाने की ललक थी मोलवी साहब में कुछ ऐसी,  
कि घर से टांग कर बच्चों को मकतब में वो लाते थे ६  
बड़ी सी इक छड़ी लेकर निकलते जब भी मुंशी जी,  
शरारत करने वाले सारे बच्चे कांप जाते थे ६  
पहाड़ा सबसे सुनते रोज बहिरू मास्टर साहब,  
मगर हम सबको अक्सर वो कहानी भी सुनाते थे ६  
न महंगी फीस की लालच, न ट्यूशन की कोई टेंशन !  
अजब थे धुन के पक्के लोग, धुन – धुन कर पढ़ाते थे.



रचनाकार  
नियाज कपिलवस्तुवी,सिद्धार्थनगर

# भारत में बढ़ता भ्रष्टाचार

**सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लग रहे हैं । आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल तथा अन्य पार्टियां ऐसे आरोप लगाने वाली नई पार्टियां हैं, जबकि कांग्रेस काफी समय से इस तरह के आरोप लगा रही है। ही सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, जनता इसका जवाब चाहती है । सरकार को इस सम्बन्ध में जनता को करना चाहिए कि वह सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग नहीं होने देगी। वैसे ...**

अजय दीक्षित

भ्रष्टाचार और घपले–घोटालों के मद्देनजर देश के कई हिस्सों में जो छापेमारी जारी है, क्या वे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग की प्रस्तावना हैं ? क्या हमारी जांच एजेन्सियां पूरी तरह स्वायत्त हैं और उन्हें कोई भी श्राजनीतिक निर्देशश नहीं दिये जाते ? यदि स्वायत्त हैं, तो आपराधिक और गम्भीर मामले 10–15 सालों तक क्यों लटकते रहते हैं ? कभी तो कोई ठोस कारण देश के सामने पेश किया जाये । सभी कार्रवाइयां अंधेरी गुफाओं में की जाती रही हैं। विभिन्न मामलों के सन्दर्भ में एजेंसियां और अदृश्य रूप से सत्ताएं श्प्रतिशोधीश क्यों लगती हैं या विपक्ष के ऐसे आरोप पुख्ता लगते हैं ? उदाहरण के तौर पर लें लालू प्रसाद यादव कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार–1 में रेल मंत्री थे।

उन्होंने बिहार से 12 आवेदकों को रेलवे के 6 जोन में ग्रुप–डी की अस्थायी नौकरी मुहैया कराई । कोई विज्ञापन नहीं छपा और न ही कोई परीक्षा ली गई। सीधी नियुक्ति कर दी गई। बाद में वे स्थायी कर्मचारी भी बना दिए गए। तत्कालीन रेल मंत्री पर गंभीर आरोप थे कि उन्होंने नौकरी देने के बदले जमीनें औने–पौने दाम पर खरीदीं। ऐसी विवादास्पद जमीनें लालू की पत्नी राबड़ी देवी, उनकी बेटियों–मोसा भारती और हेमा यादव के नाम पंजीकृत हैं। 2008–09 का यह केस 2021 में सीबीआई ने प्राथमिक जांच के लिए दर्ज किया। कारण जो भी रहे हों, लेकिन यह केस आज तक किसी कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया है और न ही आरोपितों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है। लालू यादव पहली बार किसी घोटाले में 1997 में जेल गए थे। तब केंद्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार थी।

प्रधानमंत्री देवगौड़ा रहे अथवा इंद्रकुमार गुजराल रहे हों, लेकिन मोर्चे का हिस्सा होने के बावजूद लालू को जेल जाना पड़ा। उसके बाद चारा घोटाले में अदालत ने लालू को सजायाफ्ता करार दिया। वह जेल जाते रहे, अस्पतालों में रहे और जमानत पर बाहर भी आते। रहे। सवाल यह है कि आपराधिक या घोटालों के केस इतने लंबे क्यों खींचे जाते हैं और उन पर सियासी दखल साफ क्यों दिखाई देता है? अब खघ्बरें आ रही हैं कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर 100 करोड़ रुपए के अवैध खनन घपले की तलवार लटक रही है। दिल्ली सरकार में शराब नीति के तहत घोटाले में सीबीआई उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास और अन्य बीसियों ठिकानों पर छापे मार चुकी है। दिल्ली के ही स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ईडी के मामलों में मई माह से जेल में बंद हैं। बंगाल सरकार में वरिष्ठ मंत्री रहे पार्थ चटर्जी के सन्दर्भ में नकदी के पहाड़ और सोना आदि बरामद किये गये सीबीआई और ईडी दोनों ही अलग–अलग ढंग से जांच कर रहे हैं। क्या यह मामला किसी निष्कर्ष तक पहुंचेगा अथवा वक्त के साथ, साथ लटक कर भुला दिया जायेगा ? बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर आरोप हैं कि यह 53 संपत्तियों के मालिक है। जिस शख्स ने कॉरपोरेट में लाखों रुपये की नौकरी नहीं की और न ही कोई औद्योगिक विरासत उनके नाम दर्ज है, लिहाजा ऐसी ६ ान–संपदा पर सवाल स्वाभाविक हैं । कमोवेश यह सामान्य मामला नहीं है। जांच एजेन्सियों भ्रष्टाचार के आधे–अधूरे लटकते सत्यों को अंतिम यथार्थ तक कब पहुंचायेंगी ? भ्रष्टाचार के मामलों और करोड़ों नकदी की बरामदगी में आईएएस और आईपीएस जैसे शीर्ष अधिकारी भी जेलों में कैद हैं । एक दौर था कि कुछ भाजपा नेताओं के खिलाफ मोटे–मोटे घोटाले सुर्खियों में थे तब ये नेता कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी दल में थे। उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी अचानक खामोश और निष्क्रिय क्यों हैं ? देश अब यह स्पष्टीकरण भी चाहता है। विपक्ष का यह गम्भीर आरोप रहता है, लिहाजा सरकार और एजेन्सियां उन्हें नजर अंदाज नहीं कर सकतीं । बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पर, लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, परिवारवाद, वंशवाद के खिलाफ निर्णायक जंग लडने के लिए देश का समर्थन, सहयोग मांगा था।

क्या उस संबोधन के गम्भीर मायने हैं ? प्रधानमंत्री इन प्रमुख जांच एजेन्सियों के बिना भी यह जंग नहीं जीत सकते, लिहाजा स्पष्ट किया आए कि प्रधानमंत्री का दखल कितना रहता है या रहेगा ? भ्रष्टाचार और घोटालों पर सार्थक परिणति इसलिए भी अपेक्षित है, क्योंकि अंततरू आम करदाता का पैसा ही हजम किया जा रहा है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार ने अपने विरोधियों को मजा चखाने के लिए ईडी सीबीआई तथा आयकर विभाग को आगे कर दिया है । सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लग रहे हैं । आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल तथा अन्य पार्टियां ऐसे आरोप लगाने वाली नई पार्टियां हैं, जबकि कांग्रेस काफी समय से इस तरह के आरोप लगा रही है। ही सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, जनता इसका जवाब चाहती है । सरकार को इस सम्बन्ध में जनता को करना चाहिए कि वह सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग नहीं होने देगी। वैसे कांग्रेस जब सता में भी तब भाजपा भी इसी तरह के आरोप लगाती थी ।

# क्षेत्रीय पार्टियों के लिए मुश्किल समय

**कई जगह ऐसा भी हो रहा है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों मिल कर प्रादेशिक पार्टियों को कमजोर कर रहे हैं। जैसे कर्नाटक में दोनों की नजर जेडीएस पर है तो हरियाणा में दोनों पार्टियां ओमप्रकाश चौटाला के परिवार की पार्टियों पर नजर लगाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अजित जोगी की बनाई पार्टी को लगभग खत्म कर दिया है तो राजस्थान में उसने बहुजन समाज पार्टी के सभी विधायकों को ...**

अजीत द्विवेदी

इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है और जिस तरह आजादी के बाद कांग्रेस दशकों तक भारतीय राजनीति की केंद्रीय ताकत रही थी उसी तरह अब भाजपा भारतीय राजनीति की केंद्रीय ताकत है और दशकों तक रहेगी। चुनाव रणनीतिकार और बिहार में सुराज अभियान चले रहे प्रशांत किशोर ने इसकी एक सैद्धांतिक रूप–रेखा प्रस्तुत की थी, जिसके बाद विपक्षी पार्टियों के प्रति सहानुभूति रखने वाले अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने उनको भाजपा का आदमी ठहराया था। लेकिन वे अपनी व्याख्या में गलत नहीं हैं। आजादी के बाद की कांग्रेस की तरह आज भाजपा केंद्रीय ताकत है और देश की राजनीति उस के ईर्द–गिर्द घूम रही है। आने वाले किसी चुनाव में अगर वह हार भी जाती है तो उसका अंत नहीं होने जा रहा है या निकट भविष्य में वह कमजोर नहीं होने जा रही है। वह अगले कई दशक तक केंद्रीय ताकत बनी रहेगी और उसे रिप्लेस करने में समय लगेगा।

इस हकीकत को स्वीकार करते ही यह भी दिखाई देता है कि एक और मामले में इतिहास अपने को दोहरा रहा है। कांग्रेस जब राजनीति की केंद्रीय ताकत थी, तब देश में अनेक राजनीतिक पार्टियां थीं और बड़े वैचारिक आधार वाले मजबूत नेता था। लेकिन कांग्रेस के सामने किसी की हैसियत नहीं थी। पहले दो दशक तक तो कांग्रेस से निकले समाजवादी या स्वतंत्र पार्टी के नेता ही कांग्रेस के समानांतर राजनीति करते रहे थे। बाद में जब कांग्रेस कमजोर होने लगी तब प्रादेशिक पार्टियों का प्रादुर्भाव हुआ। उस समय भारतीय जनसंघ मुख्यधारा की पार्टी थी, लेकिन उसका आधार बहुत सीमित था। तभी ऐसा लग रहा है कि भाजपा के मजबूत होने के साथ साथ बाकी सभी राष्ट्रीय और प्रादेशिक पार्टियों की ताकत कम हो रही है। इसके कुछ अपवाद हो सकते हैं लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि प्रादेशिक पार्टियों के लिए अभी अच्छा समय नहीं चल रहा है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि भाजपा के अलावा बाकी सभी पार्टियां खत्म हो जाएंगी, जैसा कि बिहार में अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया था। कांग्रेस के समय भी भारतीय जनसंघ के अलावा कम्युनिस्ट पार्टियों का मजबूत आध ाार था और समाजवादी व स्वतंत्र पार्टी का भी विस्तार पूरे देश में था। बहरहाल, चाहे सुनियोजित योजना के तहत हो या स्वाभाविक राजनीतिक गति की वजह से हो लेकिन कई राज्यों में प्रादेशिक पार्टियां कमजोर हो रही हैं। खास कर उत्तर भारत में यह देखने को मिल रहा है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में किसी जमाने में राज करने वाली बहुजन समाज पार्टी बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही है। विधानसभा में बसपा का सिर्फ एक विधायक जीत सका है। सोचें, जिस पार्टी का राज महज 10 साल पहले खत्म हुआ हो वह पार्टी एक विधायक पर सिमट जाए! कह सकते हैं कि बसपा ने संगठन का लोकतांत्रिक ढांचा नहीं बनाया तो एक नेता के चमत्कार पर आधारित पार्टी का यह हस्र होना ही था। लेकिन बसपा के कमजोर होने या हाशिए पर जाने के पीछे सिर्फ यहीं एक कारण नहीं है। उसका वोट बैंक हथियाने की भाजपा की राजनीति भी इसके लिए जिम्मेदार है। इस हकीकत को जानते हुए भी उसने पिछले विधानसभा चुनाव में परोक्ष रूप से भाजपा की मदद की। जाहिर है उसका कारण कुछ और रहा होगा, जिसके बारे में लोगों को पता नहीं है।

क्षेत्रीय पार्टियों के कमजोर होने की व्याख्या इस रूप में भी की जा रही है कि भाजपा के जितने भी सहयोगी थे, उनको भाजपा ने ही कमजोर या खत्म किया है। बिहार में जनता दल यू इसकी मिसाल है। उसके साथ रहते हुए भाजपा ने लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान को शह दी और उन्होंने जदयू के खिलाफ उम्मीदवार उतार कर उसे बड़ा नुकसान पहुंचाया। जदयू के कंधे पर सवार होकर भाजपा नंबर दो पार्टी बन गई और जदयू अपने अस्तित्व की जद्दोजहद में है। लेकिन जदयू ने समय रहते भाजपा की इस योजना को समझा और उससे नाता तोड़ कर समान विचार वाली मंडल राजनीति से निकली पार्टी राजद के साथ फिर तालमेल कर लिया। उधर महाराष्ट्र में शिव सेना का हाल भी जदयू जैसा है। शिव सेना के कंधे पर सवार होकर भाजपा वहां एक नंबर की पार्टी बन गई है और शिव सेना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही है। भाजपा ने उसके विधायकों का अलग गुट बनवा कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया है। पंजाब में अकाली दल की भी यहीं स्थिति है। वहां भाजपा ने अकाली दल के कंधे पर सवार होकर राजनीति की और हाल में हुए संगरूर लोकसभा उपचुनाव में अकाली दल पांचवें स्थान पर रही, जबकि भाजपा चौथे स्थान पर। ऐसे ही अन्ना डीएमके के कंधे पर सवार होकर भाजपा तमिलनाडु की राजनीति कर रही है और पार्टी के सामने अपने इतिहास का सबसे बड़ा संकट आया हुआ है। झारखंड में भाजपा के पुराने नेता बाबूलाल मरांडी की पार्टी का भाजपा में विलय हो गया है और दूसरी सहयोगी पार्टी आजसू का अस्तित्व जैसे तैसे बचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवादी या वंशवादी पार्टियों के खिलाफ जो अभियान छेड़ा है वह अनायास नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त करने की रणनीति का हिस्सा है। ऐसी जितनी पार्टियां, जिनका नेतृत्व एक नेता या एक परिवार के हाथ में है उनको कमजोर करने के लिए एक वैचारिक आधार बनाया जा रहा है। ऐसी तमाम पार्टियों पर भाजपा की नजर है और उसे उनका वोट आधार हासिल करना है। उससे पहले अगर संभव हो तो किसी तरह से उसका संगठन और उसके बड़े नेताओं को भी साथ लेना है। बिहार में जदयू से लेकर उत्तर प्रदेश में बसपा, ओडिघ्सा में बीजू जनता दल, तमिलनाडु में अन्ना डीएमके, महाराष्ट्र में शिव सेना, कर्नाटक में जेडीएस जैसी पार्टियों के नाम लिए जा सकते हैं। भाजपा ने इसके लिए अपने को तैयार किया है। उसने संगठन की ताकत बढ़ाई है तो संसाधनों की ताकत भी बढ़ाई है। इसलिए उसके लिए आसान हो गया है कि समान विचारधारा वाली पार्टियों को अपने में विलीन कर ले।



# लड़की के परिजनों ने जमकर की धुनाई लाइव वीडियो वायरल

हरदोई। में एक मजनू पर जम कर जूतों की बरसात हुई है. मजनू अपनी लैला के दीदार के खातिर अक्सर ही उसके गांव में जाया करता था जिसको गांव वालों ने नोटिस किया और फिर उस से गांव आने की वजह पूछी जो वह सही बजा नहीं बता सका तो उस पर जूतों की बरसात कर दी. हालांकि इस वाकए ने ये जरूर साबित कर दिया कि इस दौर में भी मजनुओं की कोई कमी नहीं है। मजनू की पिटाई का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हालांकि इसकी पड़ताल की गई, तो पता चला कि मामला भीठा गांव का है और युवक कोतवाली देहात के बेलहा गांव का था। वायरल वीडियो में एक युवक को जूते चप्पलों से मारते हुए दिखाया जा रहा है. इसकी पड़ताल की गई तो पता चला कि मामला कोतवाली देहात के भीठा गांव का है। वहां किसी बाहरी के पकड़े जाने का शोर मच गया। पड़ताल में पता चला कि आशनाई करने वाले कोतवाली देहात के बेलहा गांव का एक युवक चोरी छिपे अपनी लैला से मिलने अक्सर ही उसके गांव पहुंच जाता था. गांव वाले पिछले कई महीनों से इस चीज को नोटिस कर रहे थे. अब चोरों और बच्चा चोरों से चौकन्ना गांव वालों ने उस ही बहाने उससे मालूमात करनी शुरू कर दी कि किस वजह से वह गांव में आया है. पहले तो काफी देर तक उससे पूछताछ की गई। लेकिन वह गांव वालों को इधर उधर की बातों में उलझाए रहा। लेकिन जैसे ही उसके मुंह से प्यार से मिलने की बात फूटी, बस वैसे ही उसके ऊपर जूते चप्पलो की बौछार होने लगी। मजनू की इस पिटाई का गांव वालों ने वीडियो बना लिया और उसको सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया है. पुलिस अब वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले में कार्यवाही करने की बात कह रही है।

# चाइल्ड लाइन संस्था ने किया चुप्पी तोड़ो,कुछ तो बोलो कार्यक्रम का आयोजन

फिरोजाबाद । चिराग सोसायटी द्वारा गोमा देवी इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के सहयोग से ष्चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलोष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 बालिकाऐं उपस्थित रही संस्था अध्यक्ष डॉ जफर आलम ने बताया कि लगातार अखबारों और चौनल के माध्यम से ज्ञात होता है कि बच्चों के साथ अपराध दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे हैं! बच्चों की तस्करी की जा रही है, बच्चे बेचे जा रहे हैं, बच्चों के साथ शोषण हो रहे हैं,तथा बालिकाओं के साथ यौन शोषण हो रहा है आखिर बच्चों को कैसे बचाया जाए? इस विषय पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 का इस्तेमाल करें तथा उनके साथ किसी भी तरह की कोई घटना होती है तो तत्काल 1098 व 112 हेल्पलाइन पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं।उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश थाना रामगढ़ ने बताया कि हमारा प्रयास रहता है कि हर बच्चे को मदद पहुंचाएं अगर कोई भी सूचना हमें चाइल्ड लाइन या किसी कॉलर के द्वारा प्राप्त होती है तो हम बच्चे की मदद के लिए 24 घंटे तत्पर हैं। को–ऑर्डिनेटर मुख्तार आलम ने कहा कि चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से फिरोजाबाद को प्रति माह लगभग 100 कॉल प्राप्त होती है हमारा उद्देश्य रहता है कि हर सूचना पर कार्रवाई करें और उस जगह तक पहुंचे जहां से कॉल प्राप्त हो रही है संस्था द्वारा 11 वर्षो के अंदर लगभग 15000 बच्चों को संरक्षण प्रदान कराया गया ! जयदीप प्रताप मौर्य प्रधानाध्यापक गौरी इंटर कॉलेज ने कहा कि चिराग सोसाइटी पिछले काफी समय से बच्चों के हित और उनके संरक्षण के लिए काम कर रही है मैं अक्सर समाचार पत्रों एवं चौनलों में इस संस्था के कार्यक्रमों को देखता हूं और मेरा प्रयास रहता है कि हर बच्चे तक इस जानकारी को पहुंचाया और मेरा अनुरोध है कि माता–पिता अपने बच्चों को सुरक्षित रखें आवश्यकता पड़ने पर 1098 डायल कर कार्यवाही करा सकते। इस अवसर पर मोहम्मद आरिफ खान चांदना समरीन खान मोहम्मद परवेज नजमा बानो परिशा बानो एवं अजय भास्कर उपस्थित रहे ।

# एआरटीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कैसे लगेगा अंकुश ?

## बीते कुछ माह पूर्व प्रभारी डीएम दिव्यांशू पटेल ने की थी छापेमारी, कईयों को भेजा था जेल

उन्नाव। एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों की सूची बनाकर लगातार ताबडतोड कार्यवाही कर रही है। दूसरी तरफ निचले क्रम में अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरते नजर आते है या यूं कहे कि भ्रष्टाचार को पालते नजर आते है। इससे कही न कही आमजनमानस को व्यवस्था का लाभ कम शिकार अधिक बनना पडता है। निचले क्रम में भ्रष्टाचार को बढावा देने वाले अधिकारी आमजनमानस को अक्सर व्यवस्था का शिकार बनाते है अगर कभी शिकायत हो भी गई तो मामला जांच की आंच में ही तपकर धुंआ हो जाता है। निचले क्रम में अगर भ्रष्टाचार पर रोकथाम के प्रभावी प्रयास हो तभी जनमानस को सहूलियत मिल सकेगी।

बता दें कि जब से जिले में नवागत डीएम के रुप में अपूर्वा दुबे ने कमान संभाली है तब से अनियमितता करने वाले दफ्तरों में एक अलग तरह का ही माहौल देखने को मिल रहा है। लगातार डीएम के चल रहे ताबडतोड निरीक्षणों के चलते माहौल में एक सर्तकता सी देखने को मिल रही है।

बावजूद इसके एक विभाग में अभी तक सुधार देखने को मिल रहा है। चर्चाओं के बाजार की बात करें तो लोगो में साफतौर पर चर्चा है कि इन दिनों उन्नाव का एआरटीओ कार्यालय मनमाने रवैया पर चल रहा है। वाहन नियमों का अध्यन कर लाइसेंस का स्वप्न देखने वाले युवाओं को उपेक्षित होना पडता है जब कि दलालों के माध्यम से लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों को बकायदा कुर्सी मुहैया करवा दी जाती है। उनके सारे काम बिन मानक ही पूर्ण कर दिए जाते है। उल्लेखनीय बात यह है कि जिला स्तर के अधिकारियों को वाहन हादसे का एक सर्वे कराना चाहिए। इससे एक बात स्पष्ट होगी कि कही हादसे की वजह चालकों का अप्रशिक्षित होना तो नही रहा। इसके साथ ही यह जांच भी होनी चाहिए कि एक दिन में कितने लाइसेंस आवेदन हुए कितनों ने परीक्षा दी और कितने पास फेल हुए। लोगो का यहां तक मानना है कि अगर उच्च अधिकारी एआरटीओ कार्यालय की बारीकी से जांच करवाए तो कही न कही एक बडा घोटाला उजागर हो सकता है। इसका पूरा श्रेय जांच एजेंसियों को मिलेगा। एआरटीओ कार्यालय पर अक्सर उंगलियां उठती है लेकिन हर बार मामला जांच में सब कुछ ठीक ही मिलता है।

गौरतलब हो कि उन्नाव की तत्कालीन एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी के समय में इस कार्यालय में एक अलग ही सख्ती देखने को मिलती थी। इतना ही नही तरह तरह की संस्थाओं के सहयोग से लोगो के लिए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए। लेकिन वर्तमान समय में एआरटीओ कार्यालय उदासीनता का परिचय दे रहा है। एआरटीओ कार्यालय में कहने को तो दलालो का प्रवेश वर्जित है लेकिन कार्यालय के बाहर बनी दुकानों में गुपचुप ढंग से यह सारा खेल खेला जाता है। अगर उच्च अधिकारी साधारण ढंग से छापेमारी करें तो सारा खेल खुल जाएगा।

इतना ही नही बीते कुछ माह पूर्व सीडीओ ने एआरटीओ कार्यालय में छापेमारी की थी। इस दौरान कुछ बाहरी लोग पकडे गए थे। इन बाहरी पर हर बार कार्यवाही हो जाती है लेकिन इस खेले के असली खिलाडी हर बार शिकस्त देकर निकल जाते है। लोगो की माने तो बिना अधिकारियों की मिलीभगत यह सब संभव नही है। लेकिन हर बार पर्दे के बाहर के लोगो पर कार्यवाही हो जाती है लेकिन पर्दे के पीछे के लोग हमेशा बच जाते है। इन सभी पर एकजुट कार्यवाही की आवश्यकता है ताकि भ्रष्टाचार को समूल नष्ट किया जा सके।

# उपचार के दौरान वृद्घा की मौत

फिरोजाबाद । । उपचार के दौरान वृद्घा की जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल कर्मचारियों ने शव को पोस्टमार्टम हादस में रखवाने के साथ ही पुलिस को मीमो भेजकर महिला की मौत की जानकारी दी है। वृद्घा अरॉव रोड पर घायल अवस्था में पड़ी मिली थी। सिरसागंज थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह मलिक का कहना है कि महिला के शव की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे है। इससे उसके बारे में जानकारी मिल सके।

# देसी तमंचे के साथ युवक की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

हरपालपुर,हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की देशी तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो तेजी से वायरल हो रही है। अरवल पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है। कटरी क्षेत्र के लोगो का शौक हथियार रखने का रहा है। अरवल थाना क्षेत्र के आलमपुर मडैया गांव निवासी एक दो युवकों की एक सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर फोटो वायरल हो रही है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक के हाथ में 312 बोर का देसी तमंचा फोटो में स्पष्ट हो रहा है।अरवल पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।अरवल थानाध्यक्ष छोटेलाल ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# गांव के बाहर जंगल में पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

फिरोजाबाद । नारखी क्षेत्र में अधेड़ का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। गांव जाखई निवासी कालीचरन 55 वर्ष बेलदारी करता था। वह काम पर जा रहा था। उसी दौरान पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बाद में वह काम पर चला गया। उसके बाद वह लौटकर घर नहीं आया। देर शाम तक कालीचरन के घर न पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने कालीचरन की तलाश की। लेकिन उसके बारे में परिजनों को कोई सुराग नही मिला। ग्रामीण जंगल की तरफ गए तो कालीचरन का शव पेड़ पर लटका दिखाई दिया। शव पेड़ पर लटके होने का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पता चलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष नारखी प्रदीप कुमार पांडेय का कहना है कि कालीचरन का शव गांव के बाहर जंगल में पेड़ पर लटका मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कालीचरन का पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने फंदे पर लटककर जान दी है।

# मतदाता सूची को आधार से जोड़ने के लिए लगेंगे बिशेष शिविर

फिरोजाबाद । जिला सूचना अधिकारी द्वारा जारी एक प्रेस नोट में जानकारी दी गयी है कि मतदाता सूची को आधार से जोड़ने के लिए चार और 25 सितंबर को विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे. उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही एक 01 अगस्त, 2022 से गतिमान है। प्राप्त निर्देशों के अनुसार निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी शत–प्रतिशत मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है, अतः जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों,र ाजकीय विभाग,अर्द्धशासकीय संस्थाओं,बैंक,पोस्ट ऑफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी ,कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 01 अगस्त.2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6ख में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा हेतु आयोग द्वारा मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान 04.सितम्बर. रविवार एवं 25.सितंबर रविवार को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थल पर किया जायेगा।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6ख में अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कापी में अपने बूथ लेबिल अधिकारी,तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों,ऑन लाईन किये जान हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।

# गणेश महोत्सव में संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन

सफीपुर उन्नाव। गणेश महोत्सव में संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन कराया गया। बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क सफीपुर में हो रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया सुंदर कांड पाठ हर्ष मनु शुक्ला की टीम द्वारा किया गया जिसमें गायक हर्षित दीक्षित, हर्ष मनु शुक्ला, वात्सलय अवस्थी ने सुंदर प्रस्तुति कर गणेश पांडाल में शमां बांध दिया पूरा परिसर जय सियाराम, बजरंगबली व गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गुंजायमान रहा संगीतमय पाठ के बाद आरती व सुंदर झांकी का आयोजन किया गया लाले गौड़ राम विमल, अभिज्ञान तिवारी राजू चौहान, लल्ला तिवारी, राजेश तिवारी,रणजीत, नीरज सैनी, आशीष विमल के साथ साथ समस्त गणपति भक्त उपस्थित रहे।

# केंसर बीमारी से परेशान ग्रामीण यमुना में कूदा, गोताखोरों ने बचाई जान

फिरोजाबाद । जनपद के बसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के गांव मालीपट्टी में एक बुजुर्ग ने यमुना नदी में छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की.मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने उसे बचा लिया.पीड़ित को जिला अस्पताल में इलाज के किये भर्ती कराया गया है अर्जुन नामक व्यक्ति केंसर बीमारी से पीड़ित है और इलाज में उसका काफी पैसा भी खर्च हो चुका है लिहाजा बीमारी के साथ साथ अर्जुन सिंह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा है इसी से तंग आकर उसने यमुना नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की ।

# बाइक गिरने से मामा भांजे घायल

फिरोजाबाद । नारखी क्षेत्र में तेज गति से जा रही बाइक असन्तुलित हो गिर पड़ी। हादसे में मामा भांजे घायल हो गए। उनको उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया। उन्हे हालत गंभीर होने पर भर्ती कर लिया गया। सिरसागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला मियां बाजार निवासी वाहिद की बहन नारखी थाना के गांव सराय में रहती है। वाहिद अपने मामा अकरम निवासी इकदिल इटावा के साथ बाइक द्वारा सिरसागंज से बहन के यहां नारखी के सराय जा रहा था। नारखी के समीप बाइक असन्तुलित होकर गिर पड़ी। हादसे में मामा भांजे घायल हो गए। बाद में वहां आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने घायल मामा भांजे को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। यहां उनकी हालत गंभीर होने पर उपचार को भर्ती कर लिया गया। पता चलते ही परिजन भी जिला अस्पताल आ गए। उनकी हालत देख परिवारी जन खबर आ गए।

# मछली पकड़ते समय डूबने से युवक की मौत

फिरोजाबाद । । तालाब में मछली पकड़ते समय डूब कर युवक की मौत हो गई।शव को उसके साथी बिना पोस्टमार्टम कराए ले गए। बिहार के जनपद वैशाली के थाना हाजीपुर निवासी 32 वर्षीय पप्पू पुत्र रमेश चंद तालाब में मछली पकड़ते समय डूब गया था शोर होने पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गए। लोगों ने उसे आनन–फानन में बाहर निकाला। उसे उपचार को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथी शव बिना पोस्टमार्टम कराए ले गए। उसे लेकर आए लोगों ने अधिक जानकारी नहीं दी। जिससे उसके बारे में अधिक पता नहीं चला।

# महिला शक्तिने सरकारी ट्रामा सेंटर में किया पौधारोपण

फिरोजाबाद । जॉयन्टस ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति ने प्रतिवर्ष होने वाले सेवा सप्ताह के तहत प्रथम दिवस जिला अस्पताल के आपातकालीन सेवा परिसर में डॉ राहुल जैन के आग्रह पर पौधारोपण किया गया। प्रशासनिक निदेशिका एकता मित्तल ने बताया कि आपातकालीन सेवा केंद्र के प्रभारी डॉ राहुल जैन ने महिला शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ श्याम मोहन सहित डॉ नवीन जैन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वित्त निदेशिका सीमा अग्रवाल ने बताया कि आज ही डॉ राहुल जैन का जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संस्था सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। डॉ श्याम मोहन ने महिला शक्ति की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था हमेशा ही सेवा कार्यों केलिए तत्पर रहती है। कार्यक्रम में पदाधिकारियों सहित राखी बंसल, बीना चौहान, प्राची अग्रवाल, विजय लक्ष्मी, मीनु गुप्ता, राधिका अग्रवाल, गुंजन, गौरी बंसल, अनुपमा जैन, उषा पाराशर, दीपा अग्रवाल उपस्थित रहीं।

# जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग की विभिन्न संचालित योजनओं की समीक्षा की

प्रतापगढ़(आरएनएस ) उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–''पर ड्राप मोर क्राप''(माइक्रोइरीगेशन) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जनपद में संचालित योजनाओं की विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत विगत वर्ष में नवीन उद्यान रोपण, प्रोजेक्ट बेस कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी एवं वर्ष 2022–23 में नवीन उद्यान रोपण टिश्यूकल्चर केला के बारे में कृषकों से जानकारी प्राप्त की। कृषक अशोक कुमार सिंह द्वारा टिश्यूकल्चर केला के उत्पादन एवं हो रहे लाभ से अवगत कराया गया। उन्होने जनपद में राइपनिंग चौम्बर, केले की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने हेतु प्रेरित किया, वहीं पर प्रोजेक्ट बेस कार्यक्रम पैक हाऊस, प्याज भण्डार गृह, कोल्ड रूम, मिनिमल प्रोसेसिंग यूनिट एवं मशरूम उत्पादन इकाई के प्रति कृषकों को जागरूक किया जाये। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत विगत वर्ष कराये गये कार्यो की समीक्षा की गयी। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा समिति के सदस्यों के समक्ष योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, जिसमें ड्रिपधमिनी स्प्रिंकलर पर लघु एवं सीमान्त कृषक को 90: एवं अन्य कृषक को 80: अनुदान देय है। वहीं पर पोर्टेबल स्प्रिंकल एवं लार्ज वाल्यूम (रैनगन) पर लघु एवं सीमान्त कृषकों को 75: एवं अन्य कृषक को 65: अनुदान पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी कृषकों के बैंक खाते में प्रदान की जायेगी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लक्ष्यां की पूर्ति हेतु जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक प्रबंधक से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त बैंकर्स उद्यमी डी0आर0पी0 के साथ एक सप्ताह में बैठक कराने के निर्देश दिये गये, जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों को ऋृण स्वीकृत कराकर नई इकाई स्थापित करायी जा सके एवं पुरानी यूनिट का उच्चीकरण भी किया जा सके। मण्डलीय नोडल ज्वाला प्रसाद द्वारा बैंक के सहयोग न करने पर ऋृण स्वीकृत होने में कठिनाई आ रही है, जिसके निराकरण करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक को निर्देशित किया गया कि ऋृण स्वीकृत करने में आ रही कठिनाईयों को तत्काल दूर किया जाय। बैठक में उपस्थित उप निदेशक कृषि डॉ0 रघुराज सिंह, उप निदेशक उद्यान प्रयागराज मण्डल प्रयागराज उमेश चन्द्र उत्तम, सहायक अभियंता लघु सिंचाई विक्रम जीत वर्मा, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी सिंह, लीड बैंक के अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा, उर्दू अनुवादकध्सह प्र0स0 नौशाद अहमद सहित प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग द्वारा कराये गये कार्यो की सराहना एवं प्रशंसा की गयी तथा पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना पर जोर दिया गया।

# पूर्व मंत्री रामवीर उपाध्याय के निधन से सुहाग नगरी में शोक

फिरोजाबाद । यूपी सरकार में पूर्व मंत्री रहे और बृज के कदावर नेता रामवीर उपाध्याय के निधन से सुहाग नगरी फिरोजाबाद में भी शोक की लहर है.फिरोजाबाद के तमाम लोगों ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किये बताते चलें कि रामवीर उपाध्याय काफी समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे. रात में आगरा के एक प्राइवेट अस्पताल में उनका निधन हो गया. रामवीर उपाध्याय मूल रूप से हाथरस जनपद के रहने वाले थे. फिरोजाबाद जनपद हाथरस से लगा होने के कारण रामवीर उपाध्याय का फिरोजाबाद जनपद से भी काफी लगाव था.बसपा सरकार में ऊर्जा और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के वह मंत्री रहे.उनकी पत्नी सीमा उपाध्याय आगरा की फतेहपुर सीकरी सीट से सांसद भी रह चुकी है.कुल मिलकर फिरोजाबाद में रामवीर उपाध्याय के हजारों सनर्थक थे सभी उनके निधन से काफी दुखी है ।

# नाम सम्पूर्ण समाधान दिवस लेकिन 92 में तीन शिकायतें ही हुयीं निस्तारित

फिरोजाबाद । जिले के सिरसागंज तहसील में संपूर्ण 92 समाधान दिवस आयोजित किया गया। . डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान 92 शिकायतें आई, जिसमें महज 3 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। बाकी शिकायतों को टीम बनाकर मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया गया है।सिरसागंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में डीएम रवि रंजन एवं सीडीओ दीक्षा जैन ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने बताया कि समाधान दिवस में 92 शिकायतें आई थी।मौके पर तीन का निस्तारण किया गया है। बाकी जो शिकायतें हैं उसमें टीम बनाकर मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया है।सिरसागंज तहसील क्षेत्र के सोथरा गांव निवासी ममता देवी ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। इसमें उन्होंने आवास दिलवाने की मांग की है। कहा कि मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पति मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण–पोषण करते हैं। हमारा घर कच्ची मिट्टी का बना है। बारिश के समय में पानी भर जाता है। इसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# वार्ड बॉय बना डाक्टर, चिकित्सक बिना ड्यूटी के उठा रहा वेतन

लालगंज, प्रतापगढ़। , उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा लगातार बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा आमजन मानस को प्राप्त हो सके इसके लिए उनके द्वारा लगातार स्वास्थ्य केंद्रो का भ्रमण किया जा रहा है और अव्यावास्थाओ को दूर करने के लिए आदेश दिये जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी मे नियुक्त चिकित्सक डॉ शब्बर हसन कभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी नही आते हैं । यहाँ पर जब से उनकी नियुक्ति हुयी है ,कभी नहीं आये, हाजिरी रजिस्टर में अपनी उपस्थिति कैसे दर्ज करते हैं यह तो उनका स्टाफ ही बता सकता है । डॉ शब्बर हसन निजी प्रैक्टिस अठेहा से गौरीगंज मार्ग रुदई का पुरवा ऐंठा सेण्ठा जय हिन्द मेडिकल स्टोर पर करते हैं । जहाँ पर सोमवार से निजी प्रैक्टिस किया जाता है प्रतिदिन 100 से 150 ओ पी डी और मरीज भर्ती करने की सुविधा बताया गया है ।

डॉ शब्बर हसन के निजी प्रैक्टिस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था । सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश सिंह की मिलीभगत से डॉ शब्बर हसन निजी प्रैक्टिस लम्बे समय से करते चले आ रहे हैं । स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ शब्बर हसन जनपद प्रतापगढ़ के विकास खंड सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़, क्षेत्र में पिछले दस से पंद्रह वर्षो से अपने रसूखऔर राजनीतिक पहुँच के दम पर जमे हुये हैं । उत्तर प्रदेश सरकार को चूना लगाते चले आ रहे हैं। उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ से बात करने पर उन्होंने बताया कि डॉ शब्बर हसन का वेतन रोक दिया गया है । विभाग के अधिकारियों से जाँच कारायी जायेगी ।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल वियार स्मृति सेवा समिति के चयनित हुए पदाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र।स्थानीय घोरावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्हा गांव में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल वियार स्मृति सेवा समिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस दौरान जहां मुख्य अतिथि समिति के संस्थापक मोहन लाल वियार व विशिष्ट अतिथि अनिता देवी रही, वहीं सभाध्यक्ष श्याम लाल वियार रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल वियार जी के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शत–शत नमन किया गया, तत्पश्चात अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस इस अवसर संता संग्राम सेनानी मंगल वियार स्मृति सेवा समिति के अध्यक्ष के रूप में श्याम लाल वियार का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर उमेश कुमार, राजकुमारी देवी व बिरबली कोल चयनित किए गए।कोषाध्यक्ष पद पर महेन्द्र सिंह पटेल तथा महासचिव– नंदू देवी, नागेन्द्र कुमार विजय कुमार और सचिव– लक्ष्मन चौधरी, फुलचंद व सुभाष को बनाया गया। इनके अतिरिक्त विजय कुमार,मोहित लाल वियार, शंकर ,रामविलास को सदस्य बनाया गया। मुख्य अतिथि मोहन लाल वियार ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की।वहीं विशिष्ट अतिथि अनीता देवी ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश भक्ति करना है तो सबसे पहले सभी जाति वर्ग के लोगों का सम्मान करना होगा सभी लोगों को मिलजुलकर समाज में दबे,कुचले, निचले स्तर के लोगों की मदद करना होगा। तभी समिति का उद्देश्य पूरा होगा। गौरतलब होगी इस संस्था की 2007 में नींव रखी गई और 2010 में पूर्ण रुप से सक्रिय हुई तबसे लगातार हर वर्ष कुछ न कुछ कार्य क्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सम्मान में संपादित होती आ रही है । इस मौके पर गांव एवं आसपास के तमाम राष्ट्रभक्त ग्रामीण मौजूद रहे।



# उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय बाबा बिहारी इंटर कॉलेज भरकवाह के परिसर में स्वालम्बी भारत अभियान के क्रम में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन सम्पन्न हुआ, कार्य क्रम में स्वदेशी अभियान से लेकर सशक्त स्वालम्बी भारत के परिकल्पना पर विशेष रूप से चर्चा की गई।मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता लाल जी तिवारी ने कहा कि आज भारत को स्वालम्बी भारत के रूप में दुनिया का सबसे मजबूत देश बनाये जाने के लिए सभी भारतीय को आगे आने की आवश्यकता है, गाँव से लेकर नगर तक भारत की मूल संस्कृति को निखारने की जरूरत है, इसके लिए हर वर्ग को पहल करनी चाहिए, वर्तमान में बढ़ रही आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक कुरितियों का मुकाबला करने के लिए एक मंच पर आना चाहिए तभी देश को विश्व गुरु की पहचान फिर से मिल सकती है, अभियान के ब्लॉक समन्वयक गोपाल सिंह वैद्य ने कहा कि यह अभियान आठ भारतीय संगठनों के विचारों का मूल तत्व है, स्वदेशी अभियान से लेकर भारतीय मजदूर सभा तक का प्रतिनिधित्व इस अभियान को गति देने के लिए कटिबद्ध है, भाजयुमो के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी ने कहा कि समाज के हर ब्यक्ति को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा, ताकि समाज में नये युग का सूत्रधार हो सके, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुद्धि नाथ यादव ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला, संचालन प्रकाश पांडेय ने किया, इस अवसर पर राम नरायन जायसवाल, भगौती प्रसाद शुक्ल, गोविन्द सिंह पटेल, धर्मेंद्र सिंह, उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, पूर्व प्रमुख मणिकर्णिका कोल, द्वारिका प्रसाद, राम नाथ सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे!



# पी०आर०वी० 112 की टीम ने प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को पहुंचाया अस्पताल

दैनिक बुद्ध का संदेश

हरैया सतघरवा/बलरामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र में पी० आर० वी० 112 की टीम ने प्रसव पीड़ा से कराहती हुई महिला को अस्पताल पहुंचाकर पुनीत कार्य किया जिसके लिए क्षेत्रवासियों 112 पुलिस टीम की सराहना की पीआरवी 2483 के प्रभारी कांस्टेबल कौशल यादव ने बताया कि मैं अपने पॉइंट विनुहनी में खड़ा था सूचना पर ग्राम पंचायत लंबीकोहल का मजरा सिंघनिया जा रहा था कि एक पेड़ के नीचे सिंघनिया के रहने वाली सविता पत्नी सुखराम बैठी थी तथा उसने एक लड़की को जन्म दिया था परंतु हालत नाजुक थी मैं आसपास की महिलाओं के सहयोग से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुगौली में भर्ती कराया तथा संबंधित ग्राम प्रधान के माध्यम से उसके परिजनों को सूचित किया गया जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ हैं महिला को अस्पताल ले जाने में पायलट एच० जी० रंजन यादव तथा यूटी पवन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।



# ’स्व0भूनेश्वर सिंह की मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि

## आधी रात तक चले रामायण गान का लोगों ने उठाया लुफ्त।

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा,सोनभद्र।शनिवार की सायं ग्राम पंचायत कुरुहुल के बौराडीह रामलीला मंच पर जनपद के माने जाने ढोल वादक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहे स्व. भूनेश्वर सिंह की 11 वीं पूण्यतिथि मनाई गई जहाँ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप मौजूद पूर्व विधायक तिरथराज सिंह एवं नरसिंह त्रिपाठी ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात क्षेत्र के आये हुए संगीत प्रेमियों ने अपने चहेते कलाकार को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कियेद्य वहीं क्षेत्रीय कलाकारों ने संगीत मय मानस गायन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कियाद्य आपको बताते चलें कि स्व. भूनेश्वर सिंह कुरूहुर गाँव के बौराडीह के मूल निवासी थे बचपन से ही संगीत को अपना सबकुछ मानने लगे साथ ही समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए उनके सुखदुख में सदैव खड़ा रहते थे और अपने मृदुभाषी व्यवहार के लिए कम समय में ही अगोरी क्षेत्र के चहेते हो गये थे परंतु कहा जाता है कि अच्छे इंसान को भगवान जल्दी बुला लेते हैं और कम समय में ही वह दुनिया को अलविदा कह दिये किंतु उनके द्वारा चौरासी क्षेत्र में संगीत के साथ ही समाज में किये गये कार्यों को लोग आज भी अपने स्मृति में संजोये हुये हैं शनिवार को उनके पूण्यतिथि पर क्षेत्र के संगीत प्रेमियों के साथ ही गणमान्य लोग उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लच्छमण पर्वत ने आये हुए कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया वहीं पूर्व विधायक तिर्थराज सिंह, नरसिंह त्रिपाठी एवं पूर्व प्रधान मूरली दत्त पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि स्व भूनेश्वर सिंह सर्वगुण संपन्न व्यक्तित्व के धनी थे और अपने व्यवहार से हर वर्ग के लोगों के चहेते थे और मानस के प्रति उनका लगाव चौरासी क्षेत्र कभी नहीं भूलेगाद्य कार्यक्रम के अंत में संयोजक मनोज चौबे ने आये हुए समस्त अतिथियों, कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया संचालन पंकज शास्त्री ने कियाद्य इस मौके पर जूना अखाड़े के संत पूज्य सुखदेव गिरी महराज जी,आकाशवाणी कलाकार सत्यप्रकाश पाठक, अमरनाथ सिंह, विंदु पाण्डेय, राजू तिवारी, विनोद दूबे, दीपक दूबे, तेजवंत पाण्डेय, सुनील पाठक, विरेंद्र तिवारी, राहूल सिंह, संजय केशरी, अनील पाठक, राजेश अग्रहरी, जनार्दन बैसवार, संदीप जायसवाल, रामप्रीत गुर्जर, उदल सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



बुद्ध का संदेश

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# पुलिस एसएसबी ने सोलह बोरी यूरिया किया सीज



दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। कोतवाली के दो अलग अलग क्षेत्रों से पुलिस,एसएसबी के जवानों ने सीमा के पास से सोलह बोरी यूरिया खाद बरामद कर सीज किया है। बजहा बीओपी से एसआई कुलदीप सिंह ने टीम के साथ सीमा पर गस्त के दौरान 6 बोरी यूरिया दो मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।जिसकी पहचान संजय प्रकाश पुत्र राम करन बजहा के रूप में हुई है। वही कोतवाली पुलिस ने करमहवा गांव के पास से एक साइकिल के साथ 10 बोरी यूरिया पकड़ा है,तस्कर साइकिल छोड़ नेपाल की तरफ भाग गये। पकड़े गये सामग्री को कस्टम कार्यालय के सुपुर्द कर दिया गया। सीजर में एसएसबी के आरक्षी संजीव यादव,नरथु मेघनाथम,अम्बरीश कुमार शामिल रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम गोपी चन्द्र रूँगटा उर्फ गोपी चन्द रूँगटा पुत्र शंकर प्रसाद रूँगटा है। मैं नगर पंचायत शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 10, पोस्ट व तहसील– शोहरतगढ़, जिला– सि0नगर का निवासी हूँ। मेरा दोनों नाम एक ही है। मुझे गोपी चन्द्र रूँगटा के ही नाम से जाना व पहचाना जाये।

भवदीय

गोपी चन्द्र रूँगटा

# एपीपीयू के सेक्रेटरी जनरल चुने गए डॉ. विनय प्रकाश सिंह

अयोध्या। जनपद के पूरा बाजार के रहने वाले विनय प्रकाश सिंह सदस्य डाक सेवा बोर्ड भारत सरकार के पद पर रहते हुए एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के सेक्रेटरी जनरल 2023 से 2027 तक के लिए चुने गये हैं । थाईलैंड में स्थित एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के 31 देशों के सदस्य ने वोटिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किया । जिसमें 18 वोट पाकर भारत देश के श्री सिंह विजयी हुए 13 देशों के वोटों के साथ न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा । 1988 बैच के आई पी एस श्री सिंह ने मौजूदा समय में सदस्य डाक सेवा बोर्ड भारत सरकार के पद पर आसीन हैं इसके पूर्व संचार मंत्रालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी भारत सरकार , चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश, चीफ जनरल मैनेजर तैनात रहने के साथ साथ संघ लोक सेवा आयोग सयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम , अफगानिस्तान व सेना डाक सेवा कोर प्रतिनियुक्ति रह चुके है । श्री सिंह पूरा बाजार के पूर्व प्रधानाचार्य स्व राम मनोरथ सिंह के पुत्र है । श्री सिंह को एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के महासचिव बनाये जाने पर अयोध्या डाक विभाग में खुशी की लहर । अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा यह भारत देश के लिए गौरव है । विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक अभय सिंह, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिया ।

# इन पांच फलों के नियमित इस्तेमाल से आपका ह्रदय रहेगा पूरी तरह स्वस्थ



ह्रदय शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसका स्वस्थ रहना जरूरी है।हालांकि, बिगड़ती जीवनशैली और गलत खान–पान के कारण ह्रदय की हालत बिगड़ती जा रही है और लोग विभिन्न प्रकार के ह्रदय रोग की चपेट में आ रहे हैं। अगर आप अपने ह्रदय को रोगों से सुरक्षित रखना चाहते हैं तो अपनी डाइट में फलों को शामिल करें। आइए जानते हैं कि कौनसे हैं वो पांच फल, जिनके नियमित इस्तेमाल से आपका ह्रदय पूरी तरह स्वस्थ रहेगा।

चकोतरा

ह्रदय को स्वस्थ्य बनाए रखने और ह्रदय रोग से संबंधित जोखिमों से राहत दिलाने में चकोतरा का सेवन काफी हद तक कारगर साबित हो सकता है। एक शोध के मुताबिक, चकोतरा में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो ह्रदय जोखिमों से राहत देने में कारगर है। वहीं, इसमें फ्लेवोनोइड, फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन– सी जैसे कई पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो ह्रदय को पूर्ण सुरक्षा देने में सहायक हैं।

सेबः एन एप्पल ए डे कीप्स द डॉक्टर अवे कहावत से तो आप भली–भांति वाकिफ होंगे। इसका मतलब है कि यदि आप रोजाना एक सेब खाएंगे तो बीमारियों से दूर रहेंगे और डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह बात ह्रदय को रोगों से सुरक्षित रखने के लिए भी फिट बैठती है। सेब फ्लेवोनोइड्स से युक्त होता है, जो ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखते हुए ह्रदय को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकता हैं।

खुबानी

खुबानी विटामिन– ए, विटामिन– सी, विटामिन– ई, विटामिन– के और फाइबर से भरपूर होता है। इसके अलावा कैरोटेनॉयड्स भी इसमें मौजूद होते हैं। ये सभी पोषक तत्व ह्रदय के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक माने जाते हैं। इसमें पॉलीफेनोल्स नामक पोषक गुण भी मौजूद होता है, जो एंटी–कोलेस्ट्रॉल गुण को प्रदर्शित करता है और शरीर से फ्री रेडिकल्स और फैट टिश्यू को कम करके ह्रदय को रोगों से दूर रखने में मदद करता है।

केला

ह्रदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए रोजाना एक केले का सेवन करना भी बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन और पौटेशियम जैसे पोषक तत्व सम्मिलित होते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित कर ह्रदय जोखिम को कम कर सकते हैं। केले में पाए जाने वाला मैग्नीशियम ह्रदय को पंपिंग करने में मदद करता है और साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक आदि समस्याओं से दूरी बनाएं रखने में मदद करता है।

बेरीजः बेरीज का सेवन भी ह्रदय की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। कई बेरीज में ऐंथोसायनिन और ऐलाजिटैनिन जैसे एंटी–ऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इससे कई ह्रदय संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके अलावा, ये एंटी–ऑक्सीडेंट गुण ह्रदय संबंधित समस्याओं के जोखिमों को कम करने में भी सहायता प्रदान कर सकते हैं।

## मुझे ट्रोल करना बेकार:श्रद्धा दास

श्रद्धा दास ने तेलुगु एंकर और अभिनेत्री अनसूया भारद्वाज की उनके लुक्स की तारीफ करने के लिए उन्हें ट्रोल करने वालों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए उन्हें ट्रोल करना व्यर्थ है क्योंकि वह केवल उनके अकाउंट्स को ब्लॉक करेंगी और



उनके ट्वीट्स को डिलीट करेंगी। ट्रोलर्स को जवाब देते हुए, श्रद्धा ने ट्वीट किया, दोस्तों, आप अपना समय और ऊर्जा मुझे गाली देकर बर्बाद करेंगे, मैं केवल ब्लॉक और डिलीट करती हूं। अनसूया भारद्वाज की उनके लुक्स पर तारीफ करने के लिए मुझे ट्रोल करना बेमानी है! जल्दी ठीक हो जाओ! अभिनेत्री अनसूया भारद्वाज के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए अभिनेत्री ट्रोल के निशाने पर आ गई है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें उम्र–शर्मनाक करने वालों को चेतावनी दी थी कि वह सबूत के तौर पर दिखाने के लिए हर गाली को रीट्वीट करेंगी कि एक महिला के साथ क्या होता है जो अपने सम्मान के लिए खड़ी होती है। अनसूया भारद्वाज ने यह भी कहा था कि वह उन्हें गाली देने वाले और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने वाले हर अकाउंट का स्क्रीनशॉट लेंगी। श्रद्धा ने अनसूया की तारीफ करते हुए कहा था, आप अपनी आधी उम्र की भी ज्यादातर महिलाओं से छोटी दिखती हैं, बेहद खूबसूरत मैं कहूंगी! और आप आपकी उम्र के दोगुना बड़े ज्यादातर अंकल्स से ज्यादा हॉट लगती हैं। फैन ऑफ यू। अनसूया ने श्रद्धा को धन्यवाद दिया था और जवाब दिया था, इन शब्दों के साथ इतने दयालु और आदरणीय होने के लिए धन्यवाद। बहुत प्यार!




## जवान के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे विजय सेतुपति



दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान मशहूर साउथ निर्देशक एटली की फिल्म को लेकर लोगों की जुबां पर हैं। हाल में उन्होंने इस फिल्म का ऐलान किया था। शाहरुख अभिनीत एटली की फिल्म का शीर्षक जवान रखा गया है। इसमें साउथ अभिनेता विजय सेतुपति भी नजर आने वाले हैं। अब सुनने में आ रहा है कि इस फिल्म के लिए विजय ने तगड़ी फीस ली है। खबर है कि फिल्म के लिए उन्होंने 21 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म जवान के लिए विजय ने 21 करोड़ रुपये की भारी–भरकम फीस ली है। एक सूत्र ने कहा, यह अब तक एक फीचर फिल्म के लिए विजय द्वारा ली गई अधिकतम फीस है और फीस में बढ़ोतरी विक्रम में उनके प्रदर्शन के लिए मिली जबरदस्त प्रशंसा के बाद हुई है। सूत्र की मानें तो उन्होंने जवान के लिए अपनी फीस 15 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21 करोड़ रुपये कर दी है। खबरों की मानें तो शाहरुख कलाकारों को उचित फीस देने के पक्षधर रहे हैं। इसको लेकर सूत्र ने बताया, शाहरुख ऐसे व्यक्ति हैं, जो प्रतिभाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें लगता है कि हर अभिनेता को अच्छी फीस मिलनी चाहिए। विजय भारतीय सिनेमा के सबसे विश्वसनीय अभिनेताओं में से एक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए विजय को दो फिल्में छोडनी पड़ीं। साउथ सिनेमा में अपनी धाक जमाने के बाद विजय मैरी क्रिसमस से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। श्रीराम राघवन इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म में कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में दिखेंगी। फिल्म क्रिसमस के मौके पर 23 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहरुख की जवान अगले साल 2 जून को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दर्शकों के बीच आएगी। शाहरुख रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले फिल्म का निर्माण करेंगे। इसमें अभिनेत्री नयनतारा भी नजर आएंगी। फिल्म में सुनील ग्रोवर और साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती के दिखने की खबरें सामने आ चुकी हैं। चर्चा है कि फिल्म में शाहरुख डबल रोल में होंगे। एक किरदार गैंगस्टर के बेटे का है, तो वहीं दूसरा किरदार रॉ अधिकारी का है। साउथ के कई सुपरस्टार एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक वसूलते हैं। खबरों की मानें तो प्रभास एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक चार्ज करते हैं। अपनी 25वीं फिल्म स्पिरिट के लिए वह 150 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। रजनीकांत फिल्मों में काम करने के लिए 100 करोड़ रुपये लेते हैं। अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 के लिए अपनी फीस दोगुनी बढ़ा दी है। इसके लिए वह 125 करोड़ रुपये वसूल रहे हैं।

## चांद बालियां फेम आदित्य ए का नया गाना राइट वाली पायल हुआ रिलीज

आदित्य ए. का गाना चांद बालियां इंस्टाग्राम पर धूम मचा रहा है। गायक ने शुक्रवार को श्राइट वाली पायलत्र शीर्षक से एक




और ट्रैक जारी किया। फील–गुड ट्रैक में गायक साईवरिया भी हैं। गीत काफी चंचल है और इसके बोल आकर्षक हैं।

गीत पर टिप्पणी करते हुए, आदित्य ने एक बयान में कहा, श्चांद बालियांत्र मेरे लिए एक महत्वपूर्ण टर्निंग प्वाइंट रहा है। मैं दर्शकों को उनके प्यार और गीत की यात्रा में भागीदारी के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं नए ट्रैक श्राइट वाली पायलत्र के साथ वापसी कर रहा हूं। मैं इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं और आशा करता हूं कि वे इसका आनंद लेंगे।

गीत को आदित्य ए. द्वारा लिखा और संगीतबद्ध किया गया है। वह म्यूजिक वीडियो में भी दिखाई देंगे, जो एक प्रेमी जोड़े के बारे में एक प्यारी कहानी जिसमें वो दोनों बहुत झगड़ते हैं को दिखाता है क्योंकि वे एक खोई हुई पायल की तलाश करते हैं।

## पढने से बेहतर होता है मानसिक स्वास्थ्य, जानिए इससे मिलने वाले फायदे



साल 2009 में माइंडलैब इंटरनेशनल द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया था कि पढने से प्रतिभागियों में तनाव लगभग 70 प्रतिशत कम होता है और यह एक कप चाय पीने या संगीत सुनने जैसी चीजों की तुलना में अधिक प्रभावी है।

अध्ययन के अनुसार, पढने से न सिर्फ एकाग्रता बढ़ती है बल्कि मानसिक समस्यओं से भी राहत मिलती है। आइए पढने से मिलने वाले मानसिक स्वास्थ्य लाभों को जानते हैं।

तनाव से मिलेगी राहत

आजकल हर कोई तनाव में ही अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। काम का बहुत अधिक दबाव या काम में असफलता, मॉडर्न गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल और गलत दिनचर्या आदि कई कारण हैं, जो व्यक्ति को तनाव से घेर सकते हैं। खैर, अगर आप इन कारणों को खुद पर हावी नहीं होना देना चाहते और तनाव से दूरी बनाए रखनी है तो रोजाना कुछ मिनट अपने पसंदीदा विषयों की किताब पढना शुरू कर दें।

एकाग्रता बढ़ाने में मिलेगी मददः यदि आपको लगता है कि आप किसी भी कार्य में ठीक से ध्यान नहीं लगा पाते हैं तो समझ जाइए कि आपकी एकाग्रता कमजोर हो गई है। इससे निपटने के लिए रोजाना कुछ मिनट किसी शांत जगह पर बैठकर कोई भी किताब पढना शुरू कर दें। ऐसा करने से आपकी एकाग्रता क्षमता बढगी और आप अपने हर काम को पूरे फोकस के साथ बेहतर तरीके से कर पाएंगे, क्योंकि पढ़ाई सभी तनावों को खत्म करने में कारगर है।

अनिद्रा की समस्या दूर होगी

नींद हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। चौन की नींद सोने से शरीर तरोताजा महसूस करता है और इससे कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। हालांकि, अगर किसी भी कारण से आपका स्लीप साइकिल बिगड़ गया है तो रोजाना सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप जैसे उपकरणों का इस्तेमाल करने की बजाय किताब पढना शुरू कर दें। रोजाना सोने से पहल किताब पढने से आपकी नींद में धीरे–धीरे सुधार होने लगेगा।

संज्ञात्मक क्षमता को मजबूत करने में है कारगरः आधुनिकता की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे कई कारण हैं, जो मनुष्य की संज्ञात्मक क्षमता प्रभावित कर सकते हैं । एसे में अगर आप रोजाना कुछ मिनट किताब पढना शुरू कर देते हैं तो यह आपकी संज्ञानात्मक क्षमता को मजबूत करने में भी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, किताब जैसी चीजें पढना सहानुभूति विकास से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए रोजाना कुछ मिनट किताब, नॉवल आदि चीजें पढना शुरू कर दें।